जबलपुर, शुक्रवार
27 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 270
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जब कठिन समय आता है, तो कायर बहाना ढूंढते हैं और बहादुर रास्ता खोजते हैं।'

2 भठिया मंदिर में हवन एवं पूर्णाहुति के...
5 जब जहां मिला मौका...सरकारी धन ...
7 युद्ध से गहराता जलवायु संकट...
11 हटा में पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़...

### बाढ़ राहत घोटालाः तहसीलदार अमिता सिंह गिरफ्तार



श्योपुर

मध्यप्रदेश की श्योपुर पुलिस ने तत्कालीन तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को गिरफ्तार किया है। 2021 में बड़ौदा तहसील में राहत राशि वितरण के दौरान करीब ढाई करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। अमिता सिंह पर फर्जीवाड़ा कर अपात्रों को मुआवजा बांटने का आरोप है। गिरफ्तारी से एक दिन पहले ही आरोपी अधिकारी को विजयपुर तहसीलदार के पद से हटा दिया गया था। पुलिस ने उन्हें ग्वालियर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया। श्योपुर लाकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें शिवपुरी जेल भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि तत्कालीन तहसीलदार ने दस्तावेजों में हेरफेर कर वास्तविक बाढ़ पीड़ितों के बजाय अपात्र और काल्पनिक नामों पर राहत राशि जारी की। कागजों में फर्जीवाड़ा कर सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया।

### श्रीनगर में 36 साल बाद फिर खुला रघुनाथ मंदिर

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर को 36 साल बाद दोबारा खोल दिया गया। मंदिर में राम नवमी पर भव्य आयोजन हुआ। यह मंदिर कश्मीरी पंडितों के बड़े पैमाने पर पलायन (एक्सोडस) के बाद बंद कर दिया गया था और पिछले तीन दशकों से अधिक समय से बंद था। इसे कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की वापसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में कश्मीरी पंडित समुदाय, स्थानीय निवासी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक आज

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# 'हितग्राही सम्मेलन' से लौट रही बस पलटी, 10 की मौत

## महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग, 30 से ज्यादा घायल





छिंदवाड़ा (स्वतंत्र मत)

जिले में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रही यात्रियों से भरी बस और लहसुन से लदी एक पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा सिमरिया हनुमान मंदिर के पास हुआ, जहां टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार बस मिगलानी ट्रेवल्स की थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण यात्री सवार थे। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक इस हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रशासन के अनुसार मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल हैं। एक महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया। कई घायलों की गंभीर हालत को देखते हुये मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने कहा- बस और पिकअप की टक्कर हुई है। हादसा ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुआ। पिकअप में लहसुन लदा था। बस में कुल 47 लोग सवार थे। एक गंभीर घायल को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि पांच अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। बाकी घायल लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



## डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले

हैदराबाद। आंध्रप्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज शाम को छिंदवाड़ा-नागपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना हृदय विदारक है। प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि सभी दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना करता हूँ। मैंने जबलपुर से डॉक्टर्स के दल छिंदवाड़ा और नागपुर भेजने के निर्देश दिए हैं। छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को भी छिंदवाड़ा पहुँचने के लिए निर्देशित किया है। मृतकों के निकटम परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### हितग्राही सम्मेलन में गई थी बस

सीएम मोहन यादव के 'हितग्राही सम्मेलन' से लौट रही बस गुरुवार शाम भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसा मोहखेड़ थाना क्षेत्र के सेमरिया हनुमान मंदिर के पास शाम करीब 6.30 बजे हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई और कई यात्री अंदर ही फंस गए। बस भंडारकुंड करेर की बताई जा रही है, जिसमें कुल 47 लोग सवार थे और सभी सम्मेलन से लौट रहे थे।

### भंडारकुण्ड के थे मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक एवं घायल अधिकांश यात्री भंडारकुण्ड, सारणबिहरी और करेर क्षेत्र के निवासी हैं। हादसे की खबर मिलते ही गांवों में मातम पसर गया और परिजन अस्पतालों की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन अचानक सामने आ गया, जिससे बस चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और सीधी भिड़ंत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रीन कॉरिडोर, 5 किमी लंबा जाम

हादसे के बाद सड़क पर 4 से 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस और प्रशासन ने राहत कार्य के साथ यातायात बहाल करने का प्रयास शुरू किया। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इमरजेंसी अलर्ट जारी किया गया है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है। घायलों को बस से निकालने के लिए क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद ली गई। प्रशासन और डॉक्टरों की टीम लगातार राहत कार्य में जुटी है।

## फिर खुलेंगी व्यापमं घोटाले की फाइलें

नई दिल्ली/भोपाल। व्यापमं महाघोटाले की जांच की आंच एक बार फिर तेज होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीबीआई और मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पूछा है कि सकलेचा द्वारा दी गई 320 पन्नों की डिटेल शिकायत पर अब तक क्या एक्शन लिया गया? जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने आदेश दिया कि जांच एजेंसी और राज्य शासन अब तक की गई पूरी जांच और दाखिल चार्जशीट का ब्यौरा शपथ पत्र के साथ पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल 2026 को तय की गई है। सकलेचा की ओर से सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा, सर्वम रितम खरे, विपुल तिवारी, इंद्रदेव सिंह मौजूद थे। वहीं शासन की ओर से अतिरिक्त एडवोकेट जनरल श्रीधर पोटराजू, सीबीआई की ओर से दविंदर पाल सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा।

### हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

दरअसल, इंदौर हाईकोर्ट ने अप्रैल 2024 में सकलेचा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वे इस मामले में सीधे तौर पर प्रभावित पक्ष नहीं हैं। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सकलेचा के वकील विवेक तन्खा और उनकी टीम ने दलील दी कि भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतकर्ता की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए जवाब तलब किया है।

## होर्मुज : भारत को रास्ता...पाक से नहीं वास्ता

### ईरान के विदेश मंत्री ने कहा मित्र देशों के लिए बंदिश नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)

ईरान ने भारत और कुछ अन्य मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा, हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा



गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा, हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है। इसी वजह से पाकिस्तान के जहाज को वापस लौटा दिया गया है। अपने दुश्मनों और उनके सहयोगियों के जहाजों को गुजरने देने का कोई कारण नहीं है।

## भाजपा को अन्य दलों से 10 गुना ज्यादा चंदा मिला

नई दिल्ली। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले चंदे में 161 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भाजपा को सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर मिले कुल चंदे से भी 10 गुना ज्यादा पैसा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, 20 हजार रुपए से ज्यादा के कुल चंदे की राशि 6,648.563 करोड़ रुपए रही, जो 11,343 दान से मिली। इसमें अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपए (5,522 दान) मिले। इसके बाद कांग्रेस को 517.394 करोड़ रुपए (2,501 दान) मिले। भाजपा को मिला चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई(एम) और नेशनल पीपल्स पार्टी इन सभी के कुल चंदे से 10 गुना से ज्यादा रहा। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने बताया कि उसे 20 हजार रुपए से ज्यादा का कोई चंदा नहीं मिला, जैसा कि वह पिछले 19 सालों से कहती आ रही है। 2024-25 में चंदा 4,104.285 करोड़ रुपए बढ़ा। भाजपा का चंदा 171 प्रतिशत बढ़कर




2,243.947 करोड़ से 6,074.015 करोड़ हो गया। कांग्रेस का चंदा भी 84 प्रतिशत बढ़कर 281.48 करोड़ से 517.394 करोड़ हो गया। आप को 27.044 करोड़ रुपए (244 प्रतिशत बढ़ोतरी) और नेशनल पीपल्स पार्टी को 1.943 करोड़ रुपए (1,313 प्रतिशत बढ़ोतरी) मिले। चंदे में सबसे बड़ा हिस्सा कंपनियों का रहा। कुल 6,128.787 करोड़ रुपए (92.18 प्रतिशत) कॉर्पोरेट दान से आए, जबकि व्यक्तियों ने 505.66 करोड़ रुपए (7.61 प्रतिशत) दिए।

### एयर इंडिया की लंदन जा रही उड़ान में खराबी, दिल्ली लौटी

नई दिल्ली (वार्ता)

एयर इंडिया की लंदन जा रही एक उड़ान तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार को बीच रास्ते से दिल्ली वापस आ गयी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। यात्रियों को जल्द से जल्द लंदन भेजने के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जा रही है।



## संवेदना ही केरल की भावना है: राहुल गांधी

नई दिल्ली (वार्ता)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उस अस्पताल में रात बिताने का एक भावनात्मक विवरण साझा किया, जहां उनकी मां सोनिया गांधी का इलाज चल रहा है। तबियत खराब होने के बाद श्रीमती गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि वह रात में अपनी मां के कमरे में एक सोफे पर लेटे थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे। राहुल गांधी ने कहा कि उस मुश्किल समय में उन्हें एकमात्र सांत्वना केरल की एक नर्स से मिली, जो नियमित रूप से उनकी मां की देखभाल कर रही थीं और मुस्कुराहट के साथ उन्हें भरोसा दिला रही थीं। उन्होंने कहा, पूरी रात, मुझे केवल एक ही चीज़ से सांत्वना मिली- केरल की एक नर्स जो हर घंटे मेरी माँ को देखने आती थीं। वह मुस्कुराती और मां का हाथ थाम लेती थीं। कांग्रेस नेता ने उल्लेख किया कि नर्स ने बिना आराम किए पूरी रात काम किया, जो देश और विदेश में सेवा कर रहे केरल के स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने सुबह उनसे पूछा कि क्या उन्हें नींद नहीं आती, जिस पर नर्स ने जवाब दिया कि वह पूरी रात काम करती हैं। उन्होंने कहा, जब पूरी दुनिया सोती है, केरल की महिलाएं... लोगों को सांत्वना दे रही होती हैं, उनका हाथ थामे रहती हैं और उन्हें सहज महसूस कराती हैं। मेरे लिए, यही केरल राज्य की भावना है। राहुल गांधी ने अपनी मां के साथ रहने के लिए केरल विधानसभा चुनावों के लिए अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है। कांग्रेस सूत्रों ने संकेत दिया कि उनके चुनाव कार्यक्रम श्रीमती गांधी के स्वस्थ होने के बाद पुनर्निर्धारित किए जाएंगे।

# 1 माह की गैस...2 माह का तेल

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने दी इंतजाम की जानकारी

नई दिल्ली (वार्ता)

पेट्रोलियम मंत्रालय ने रसोई गैस सहित देश में जरूरी पेट्रोलियम उत्पादों की कमी का तथ्यों के साथ खंडन करते हुए कहा है कि कुछ तत्व जनता को भ्रमित करने के लिए गलत सूचनाएं फैला रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि खाड़ी में जारी युद्ध के चार सप्ताह हो रहे हैं फिर भी देश में दो माह के लिए पर्याप्त तेल है। इसके अलावा देश में दैनिक कुल एलपीजी की मांग के 60 प्रतिशत हिस्से का देश में ही उत्पादन हो रहा है तथा बाकी एलपीजी की आपूर्ति विदेशी स्रोतों से निरंतर हो रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि देश भर में एक लाख से ज्यादा रिटेल फ्यूल आउटलेट्स बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रहे हैं और कहीं कोई कटौती नहीं की गयी है। मंत्रालय ने कहा है, अगले 60 दिनों के लिए कच्चे




तेल की आपूर्ति भारतीय तेल कंपनियों द्वारा पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। भारत के पास कुल 74 दिनों की रिज़र्व क्षमता है और अभी वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है। मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी की पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्के तौर पर कर ली गई है, और अतिरिक्त खरीद को लगातार अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा, रिटेल फ्यूल आउटलेट्स पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। देश में कहीं भी पेट्रोल, डीज़ल

### 8 लाख टन एलपीजी बुक किया

मंत्रालय ने कहा है कि देश में एलपीजी उत्पादन 50 हजार टन तक पहुंच गया है जो हमारी कुल ज़रूरत का 60 प्रतिशत से ज़्यादा है। देश में एलपीजी की कुल दैनिक ज़रूरत लगभग 80 हज़ार टन है। घरेलू उत्पादन के अलावा, 8 लाख टन एलपीजी की सुनिश्चित खेप पहले ही बुक कर ली गई है और अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों से भारत के लिए रवाना हो चुकी है। ये खेप भारत के 22 एलपीजी आयात टर्मिनलों पर पहुंचेंगी।

या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जान-बूझकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के एक शरारती और सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ पंपों पर घबराहट में खरीदारी की जो इक्का-दुक्का घटनाएं सामने आईं, वे सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो के ज़रिए जान-बूझकर फैलाई गई गलत सूचनाओं की वजह से हुई है।

# भठिया मंदिर में हवन एवं पूर्णाहुति के बाद होगा आज जवारे कलश का विसर्जन

रसमोहनी (स्वतंत्रमत)।



हवन पश्चात पुर्णहुति के बाद कलश का विसर्जन देवी तालाब जो मंदिर के उत्तर दिशा में है वहा किया जायेगा। चैत्र नवरात्र पर जवारा कलश की स्थापना की गई है, नवरात्र की परंपरा सुख समृद्धि के प्रतीक होते हैं। पूजा में जवारे अन्न के सम्मान का संदेश है। इस विधान में नवरात्रि में मां दुर्गा की पुजा जबारों के बगैर अधूरी रहती हैं। घर हो या मंदिर हर जगह माता के दरबार में जवारे बोए जाते हैं। और कलश स्थापना करते हैं। इस पवित्र विधि में कलश के सामने मिट्टी के पात्र में जौ को बोते हैं। नवरात्र में हिन्दू धर्म में पूजा पाठ और धार्मिक अनुष्ठान कर कलश स्थापना विशेस महत्व होता है। शास्त्रों में शक्ती पीठ पर कलश स्थापना से सुख समृद्धि ऐश्वर्य और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। शक्ती पीठ भठिया में मां के दरबार में भक्तों के उमड़ी भीड। माई के दर्शन हेतू माई के भक्तो की लगी लंबी लाइन। सिंहवाहिनी देवी की विशाल प्रतिमा भठिया में विराजमान हैं। जो शक्तिपीठ के नाम से जाना जाता है। मातमाता रानी की ख्याति भारत वर्ष में चारों तरफ फैली हुई है। प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बनी रहती है लेकिन नवरात्रि में उक्त सभी जगहों से भक्तों की काफी भीड़ हो जाती है। माता रानी से जो भी भक्त सच्चे मन से जो भी मांगते हैं मां उनकी हर मुराद पूरी करती हैं।हर वर्ष की भांति इस वर्ष अष्टमी के दिन भक्तों की काफी भीड देखने को मिला जो सुबह से देर रात तक माई की दर्शन हेतू लंबी लाइन लगी रही। जगह जगह भंडारे का मां के भक्तों के द्वारा किया गया। आरती में भी शाम को प्रसाद मां के भक्तों द्वारा माई को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा काफी दुरुस्त रखा गया है।मन्दिर की साज सज्जा रात को देखने लायक रहता है। भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का विशेस ध्यान रखा गया है। अब विशाल मंदिर का निर्माण ट्रस्ट एवं सेवा समिति एवम सभी के जनसहयोग से किया गया है मंदिर के उत्तर दिशा में देवी तालाब है जो लगभग 10 एकड़ का है। जिसकी जीर्णधार बहुत ही जरूरी है। बुद्धि की देवी है मां सिंहवाहनी सनातन परंपरा में मां सिंहवाहनी से विद्या बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी पूजा जाता है। परिक्षा, प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्र मां सिंहवाहनी का विशेस आशिर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। मां सिंहवाहनी की सच्चे मन से पूजा करने वाले साधक को सुख समृद्धि का आशिर्वाद प्राप्त होता है, साथ ही माता की कृपा से वह हमेशा तमाम प्रकार के भय रोग आदि तमाम प्रकार की व्याधि से बचा रहता है यह सब जानकारी धार्मिक आस्था और धार्मिक मान्यता ओंपर आधारित है।

प्रतिमा, अष्ठभुज गणेश की मूर्ति ,माँ के सातों रूपों की प्रतिमा खुदाई से प्राप्त हुई है जो भठिया मंदिर में विराजमान हैं। संध्या कालीन आरती नवरात्रि में संध्या कालीन आरती माई की संगीतमय होता है इस समय हजारों की संख्या रहती है आरती बाद प्रसाद वितरण होता है आरती में बहत बहुत दूर दूर से लोग शामिल होने के लिए आते हैं और माई की आशुर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर व्यवस्था में सहयोग मेला को सफल बनाने में प्रशासन राजस्व बीएनविभाग का पूरा अमला पुलिस बिभाग, विद्युत विभाग स्वास्थ विभाग,नयास धारी ट्रस्ट सदस्य ,सेवा समिति के सदस्य ,क्षेत्रीय जन और गांव के गणमान्य नागरिक गण कर रहे हैं। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष रामदीन सिंह ट्रस्ट सदस्य एवं सेवा समिति के अध्यक्ष बिनोद सिंह परिहार सहसंरक्षक अरूण सिंह परिहार (दाऊ साहब) उषा कुमारी उषा कुमारी सी एल गुप्ता, कृष्णकुमार सिंह बघेल राजेंद्र सिंह कर्चुली कमलभान सिंह परिहार अवनीश सिंह भमर सिंह हीरा लाल गुप्ता भंवर सिंह बघेल बद्री विशाल मिश्रा अजय शर्मा सुरेंद्र सिंह परिहार कमलेश मिश्रा विजय कृष्ण जितेंद्र मिश्रा विद्याभूषण बाबूराम सिंह मिश्रा रामकल्यां गुप्ता कन्हैया लाल गुप्ता लवलेश सिंह परिहार अशीष त्रिपाठी हजारी प्रसाद शुक्ला रोहित शर्मा जितेन्द्र तिवारी ओम प्रकाश शर्मा विजय सिंह रमाकांत तिवारी पुरुषोत्तम सिंह सचिव सरपंच एवम ग्राम के सदस्य भुनेश्वर शुक्ला एवम मंदिर के पुजारी आदि क्षेत्र के मां के भक्तो के द्वारा सेवा दिया जा रहा है।



# स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर नगर पालिका की सख्त कार्रवाई

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। चौपाटी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों को गंदगी फैलाते हुए पाऐ जाने पर नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1000 का जुर्माना अधिरोपित किया। साथ ही, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे का निपटान केवल निर्धारित कचरा वाहनों के माध्यम से ही करें। नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में और कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम में बुढार चौक क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दो दुकानदारों के पास से कुल 5.3 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से 1000 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार स्वच्छता नियमों के उल्लंघन एवं पॉलिथीन प्रतिबंध के मामलों में कुल 2000 की राशि वसूल की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता नियमों एवं पॉलिथीन प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें,

## श्रमदान का कार्यक्रम

**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** नवाँकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रस्फुटन समिति बोचरो द्वारा श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण जल शक्ति से नौ भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 01 आखेटपुर के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोचरो में देवी माता तालाब में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया गया।

# मोटर सायकल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

फरियादी रूपेन्द्र शर्मा आयुष्मान मित्र, आदित्य अस्पताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी स्पेलेंडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक एमपी 65 एमसी 9890, जिसे उन्होंने अस्पताल की पार्किंग में लॉक करके खड़ा किया था, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। सीसीटीवी फुटेज लेने पर एक संदिग्ध व्यक्ति मास्टर चाबी का उपयोग कर लॉक खोलकर वाहन ले जाते हुए दिखाई दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी महफूज अंसारी पिता नासिर अंसारी, उम्र 25 वर्ष, निवासी अंसारी कॉलोनी, पाली रोड, सोहागपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्पेलेंडर प्लस मोटर सायकल बरामद कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना बुढार पुलिस द्वारा मर्ग जांच के दौरान महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण अनुसार 28 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार से प्राप्त सूचना के आधार पर मर्ग क्रमांक 06/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया था। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक अनिकेत उर्फ अवि नामदेव उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कटकोनी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की गई थी। मृतक के परिजनों के कथन एवं जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि मृतक को पैसों के लेन-देन को लेकर आरोपीगण विशाल कानगरिया एवं पुष्पेन्द्र जोगी द्वारा लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतक के कमरे से प्राप्त सुसाइड नोट में भी उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा प्रताड़ना का उल्लेख किया गया है, जिसकी पुष्टि परिजनों द्वारा की गई। जांच में सुसाइड नोट, मोबाइल, कापी एवं बैंक संबंधी दस्तावेजों को विधिवत जप्त किया गया। समस्त साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया आरोपियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना दिए जाने से मृतक द्वारा आत्महत्या किया जाना पाया गया। आरोपीगण के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी विशाल कानगरिया पिता दिनेश कानगरिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15 टिकुरी टोला, थाना बुढार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कर रही कार्य- विधायक श्री पटेल

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संकल्प से समाधान अभियान के तहत जनपद पंचायत चांवरपाठा में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जनपद पंचायत चांवरपाठा एवं नगर परिषद तेंदूखेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान अतिथियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भैयाराम पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री धनंजय पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री शोभा ठाकुर, श्री रामकुमार ठाकुर, श्री प्रताप कौरव, श्री बृजेन्द्र पटेल, अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम तेंदूखेड़ा पूजा सोनी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटैल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक दिलाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

# घानामार में हुआ श्रमदान जल संरक्षण का संदेश

**डिंडौरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूसा के पोषक ग्राम घानामार में गुरुवार को श्रमदान एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई से हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

इसके पश्चात सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना बुढार में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पकरिया पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना बुढार की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर एक युवक हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत करता हुआ मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रकाश उर्फ नानभाई यादव पिता नारायण प्रसाद यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नौगई थाना बुढार बताया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू कीमत लगभग 150 रुपये मौके पर ही गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड होने एवं फरार होने की संभावना के मद्देनजर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम चांवरपाठा में विविध गतिविधियां आयोजित की गई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम चांवरपाठा में वृक्ष पूजन, जल मंदिर-प्याऊ और पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए वृक्षों में सकोरे लगाए गए। साथ ही सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। यह कार्यक्रम मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिलथारी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चावरपाठा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए वृक्ष पूजन किया गया।

# करोड़ों की नल-जल योजना बनी शोपीस, बूंद-बूंद पानी को तरसे डोंढा के 3000 ग्रामीण

डिंडौरी/शहपुरा।

जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंढा में शासन की करोड़ों रुपये लागत से बनी नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बन गई है। करीब 3000 की आबादी वाले इस गांव में पानी की टंकी बनाकर पाइपलाइन के जरिए घर-घर पानी पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।ग्रामीणों के अनुसार योजना का कार्य पूर्ण हुए वर्षों बीत चुके हैं, इसके बावजूद अब तक केवल एक दिन ही जल सप्लाई की गई। उसके बाद से पूरी योजना ठप पड़ी हुई है। पीएचई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण आज भी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि गांव के लोग पीने के पानी के लिए झिरिया, कुओं और हैंडपंप पर निर्भर हैं। गांव में मात्र दो हैंडपंप हैं, जिनमें से एक ही चालू हालत में है, जबकि दूसरा लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। इससे पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है।

ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि जब नियमित जल सप्लाई सुनिश्चित नहीं करनी थी, तो आखिर करोड़ों रुपये खर्च कर पानी की टंकी क्यों बनाई गई। उनका कहना है कि यह पूरी योजना अब सिर्फ च्शोपीसज्ज बनकर रह गई है। इस संबंध में जब पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका पक्ष नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर योजना को चालू कराने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें मूलभूत सुविधा के लिए दर-दर भटकना न पड़े।



# डिग्री फर्जी, नौकरी पक्की! डिंडौरी में सिस्टम ने ही बचाए फर्जी डीएड डिप्लोमा धारक आरोपी

## - न्यायालय आदेश की खुली अवहेलनाः फर्जी डीएड धारकों की बहाली, लाखों का एरियर घोटाला

## - दस्तावेज सत्यापन के नाम पर बीईओ ने किया खेल, मंडल के नाम पत्र बनाकर जेब में दबाया

**डिंडौरी।** जिले में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा का खेल इस कदर हावी है कि न्यायालय से लेकर मंत्रालय तक के दिशा निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, इतना ही नहीं न्यायालय के आदेशों का मनमानी उपयोग कर शासन से से धोखाधड़ी करने वाले फर्जी डिग्री धारकों को नौकरी में बहाल करते हुए संरक्षित करने में जिम्मेदार अधिकारी पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायालय डिंडौरी द्वारा 19/09/2024 को पारित निर्णय का मखौल उड़ाते हुए फर्जी डीएड डिग्री धारकों को उपकृत करने का मामला सामने आया है। 2019 में समनापुर थाना में फर्जी डिग्री धारक शिक्षकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें 2 शिक्षकों को एक एक माह की सजा सुनाई गई थी,वहीं 2 शिक्षकों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करते हुए उनके दस्तावेजों की विभागीय स्तर पर परीक्षण करने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

**न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखा,फर्जी डिग्री धारकों की तत्काल बहाली**–प्रकरण में विवेचक ने शिक्षक संतु सिंह मरकाम और श्रीमती आरती मोंगरे को कूटरचित दस्तावेजो का उपयोग कर पदोन्नति का लाभ लेने का आरोपी तो बनाया लेकिन चार्जशीट में आरोपों को प्रमाणित करने हेतु बोर्ड या संस्था से प्रमाणित कोई दस्तावेज साक्षी पेश नहीं किया गया। मामले में दोषमुक्त होते ही आरती मोंगरे और संतु मरकाम ने बहाली हेतु सहायक आयुक्त कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया। स्थापना शाखा प्रभारी श्री राजेश मरकाम द्वारा न्यायालय के निर्णय के बिंदु क्रमांक 27,28,33 का उल्लेख करते हुए निलंबित शिक्षको को बहाल करने का प्रस्ताव एवं आदेश तत्कालीन सहायक आयुक्त के समक्ष रखा , तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला द्वारा दिनांक 28/10/2024 को उक्त दोनों फर्जी डीएड डिप्लोमा धारक शिक्षकों को बहाल करते हुए श्रीमती आरती मोंगरे को प्राथमिक विद्यालय हल्दी करेली और संतु सिंह मरकाम को प्राथमिक शाला चपवार में पदस्थ किए जाने का आदेश जारी किया गया ।

**फर्जी डिप्लोमा धारक शिक्षकों पर तंत्र मेहरबान.. ?**–फर्जी डिप्लोमा धारक शिक्षकों पर विभाग के साथ ही विवेचक की मेहरबानी सामने आई है, मामले में आरोपी शिक्षक




संतु सिंह मरकाम की डीएड डिप्लोमा अंकसूची की प्रति कूटरचना करने वाले आरोपी के जप्त कंप्यूटर में भी पाई गई थी, जिसकी पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट में भी हुई थी। वही आरती मोंगरे द्वारा विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए गए डीएड की अंकसूची वर्ष 2009, रोल नंबर 4764745 जो कि जबलपुर डाइट से जारी होना दर्ज है, उक्त अंकसूची में प्राचार्य श्रीमती शांति शर्मा के हस्ताक्षर है, जबकि डाइट जबलपुर में श्रीमती शांति शर्मा दिनांक 11/07/1996 से 30/06/1998 तक पदस्थ रही है। ऐसे में शिक्षक आरती मोंगरे द्वारा 2009 में डाइट जबलपुर से डीएड डिग्री प्राप्त करना और अंकसूची में दशकों पहले पदस्थ प्राचार्य का हस्ताक्षर होना षड़यंत्र और फर्जीवाड़े की बड़ी कहानी उजागर कर रहा हैं।

**डीएड की अंकसूची संदिग्ध, क्या है न्यायालय का आदेश... ?**–प्रकरण में पारित निर्णय आदेश के बिंदु क्रमांक, 31में उल्लेख है कि, यद्यपि अभियुक्त आरती मोंगरे एवं संतु मरकाम की डीएड की अंकसूची कूटकृत होने का संदेह है, भले ही उनका कूटकरण संदेह से परे साबित नहीं हुआ है। अतः विभाग इस बात का परीक्षण करें कि इन अभियुक्तों ने कूटकृत अंकसूची के आधार पर पदोन्नति प्राप्त की है। विभाग यह भी देखे की क्या उक्त अभियुक्तों ने जिन अधिकारियों के समक्ष अंक सूचिया प्रस्तुत की है, उन्होंने जानबूझकर तो अनदेखी या अपने कर्तव्य में लापरवाही तो नहीं की । निर्णय के प्रति प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, कलेक्टर डिंडौरी एवं मुख्य कार्य अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी को समुचित कार्यवाही हेतु भेजा गया था, लेकिन जब स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, कलेक्टर डिंडौरी एवं मुख्य कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उक्त प्रकरण में की गई कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई तो गोलमोल जवाब मिला। जानकारी के अनुसार मंत्रालय, कलेक्टर और जिला पंचायत द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है ।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल से सत्यापन का खेल, पत्र लिखकर बीईओ ने जेब में दबाया**–तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला द्वारा आरोपियों को बहाल कर वेतन और एरियर्स के तौर पर मिली लाखों रुपए की राशि में बड़ा खेल किए जाने का मामला भी चर्चा में है, फर्जीवाड़े का मामला जब तत्कालीन कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के संज्ञान में आया तो उन्होंने जांच के आदेश दिए थे, उन्होंने एसडीएम डिंडौरी को जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, एसडीएम ड द्वारा द्दिनांक 17/0 6/ 2025 को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डिंडौरी को पत्र लिखकर उक्त प्रकरण से जुड़े समस्त दस्तावेज तलब किया गया था। लेकिन एसडीएम डिंडौरी ने भी जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई। उक्त फर्जी डीएड डिप्लोमा धारक शिक्षकों के दिए डिप्लोमा के सत्यापन हेतु समनापुर के तत्कालीन बीईओ शशिभूषण बघेल द्वारा सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल को दिनांक 18/ 11/2024 ,05/12/2024 एवं 24 /06/ 2025 को पत्र भेजने का उल्लेख करते हुए जांच फाइल में पत्रों को प्रदर्शित किया , लेकिन जब फर्जी डीएड डिप्लोमा धारक शिक्षकों के विरुद्ध बीईओ कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्रों की तहकीकात हेतु सूचना का अधिकार दायर कर उक्त दिनांक को माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजे गए पत्रों के प्राप्त जवाब और अब तक की गई कार्रवाई की वस्तु की वस्तु स्थिति की जानकारी चाही गई। समनापुर विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा दिनांक 06/02/2026 को पत्र लिखकर आरटीआई के जवाब में उत्तर देते हुए लेख किया गया है की इस कार्यालय से युक्त शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन हेतु सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल को कोई भी पत्र कभी भी प्रेषित नहीं किया गया है।

**संस्थाओं ने फर्जीवाड़े की पुष्टि की** –फर्जी डिप्लोमा धारक शिक्षक संतु सिंह मरकाम द्वारा डाइट से मंडला से प्रथम वर्ष 2004 रोल नंबर 3670013 एवं द्वितीय वर्ष जून 2005 रोल नंबर 4770085 दर्ज अंक सूची विभाग में प्रस्तुत कर प्राथमिक शिक्षक से सहायक अध्यापक संवर्ग में संविलियन कराते हुए धोखाधड़ी की गई है। जब परीक्षा परिणाम की छायाप्रति चाही गई तो डाइट प्राचार्य मंडला द्वारा 06/02/2026 को पत्र भेज कर अवगत कराया गया कि उपरोक्त व्यक्ति का नियमित एवं दूरस्थ पाठ्यक्रम में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इसी तरह आरती मोंगरे की परीक्षा परिणाम की जानकारी लेने पर परीक्षार्थी की जानकारी आप्राप्त है। इस तरह से जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी और फर्जी योग्यता धारी शिक्षक मिलकर शासन की आंखों में धूल झोककर लाखों रुपए का चपत विभाग को लगातार लगा रहे हैं।

# सड़कों पर अनुशासन का महाअभियान
# कलेक्टर, एसपी, निगमायुक्त ने थामी कमान

## अब फुटपाथों पर नहीं चलेगा कब्जा : व्यवस्थित और सुंदर बनेगी संस्कारधानी

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

आमजन को यातायात के दबाव और जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला, पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्रशासनिक अमले के साथ शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल निरीक्षण किया और यातायात में बाधक बन रहे अवैध निर्माणों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।



### अवैध निर्माणों पर चलेगा प्रशासन का बुल्डोजर

प्रशासनिक अधिकारियों ने छोटी लाइन फाटक से गुरुद्वारा और गुरुद्वारे से गौरीघाट तक के व्यस्त मार्ग का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई स्थानों पर भवन स्वामियों एवं व्यवसायियों द्वारा निर्धारित लाइन से आगे बढ़कर किए गए निर्माण के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित और शहर के विकास में बाधक बनने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने राजस्व एवं निगम के अमले को निर्देशित किया कि सड़क सीमा का उल्लंघन करने वाले निर्माणों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाए।

### बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार निगमायुक्त ने शहर भर में व्याप्त अवैध निर्माण और अतिक्रमणों के खिलाफ एक सघन अभियान चलाने के संबंध अधिकारियों की बैठक ली। इस संबंध में उन्होंने अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि यातायात में भी बड़ी बाधा बन रहा है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि नियमित अनाउंसमेंट लोगों को जागरूक करने और स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए क्षेत्रों में नियमित रूप से मुनादी कराई जाएगी।

### हॉटस्पॉट्स पर तैनात रहेंगी टीमें

निगमायुक्त ने बताया कि अतिक्रमण विभाग की टीमें चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर तैनात रहेंगी ताकि मुख्य मार्गों को खुला रखा जा सके। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों और फुटपाथों पर किए गए अवैध निर्माणों को प्राथमिकता के साथ हटाया जाएगा। निगमायुक्त अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासन के इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि शहर में अनुशासन और व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड पर उतरें और यह सुनिश्चित करें कि आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए टूटीं मिर्गी से जुड़ी भ्रांतियां

### विक्टोरिया अस्पताल में नर्सिंग छात्रों ने बिखेरी जागरूकता की चमक, विश्व मिर्गी दिवस पर आयोजन

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत) ।** विक्टोरिया हॉस्पिटल में गुरुवार को विश्व मिर्गी दिवस के अवसर पर जिनसार की बी.एससी. नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में मिर्गी के प्रति फैली गलत धारणाओं को दूर करना और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से मिर्गी के दौरे के समय अपनाए जाने वाले प्राथमिक उपचार, समय पर डॉक्टरी सलाह की महत्ता और मरीजों को मिलने वाले सामाजिक सहयोग पर प्रकाश डाला गया। इस वर्ष की थीम टर्निंग स्टोरीस इनटू एक्शन को चरितार्थ करते हुए विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन की चुनौतियों को मंच पर उतारा।




### विशेषज्ञ मार्गदर्शन और समन्वय

संस्था की प्राचार्य प्रभारी डॉ. प्रिंसी शाजी के प्रोत्साहन से आयोजित इस सफल कार्यक्रम का समन्वय सुश्री अर्निका जोसेफ एवं सुश्री साक्षी पटेल द्वारा किया गया। अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना की और प्राथमिक चिकित्सा के गुर सीखे। यह कार्यक्रम न केवल सूचनात्मक रहा, बल्कि इसने जनसामान्य को मिर्गी जैसी स्थिति को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के इस प्रयास ने अस्पताल परिसर में सकारात्मक चर्चा का वातावरण निर्मित किया।

# मेडिकल के बच्चा वार्ड में धुआं उठते ही मची अफरा तफरी

### शॉर्ट सर्किट से वेटिंग रूम के पंखे में लगी भीषण आग

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल के बच्चा वार्ड स्थित नर्सरी वेटिंग रूम में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि वेटिंग रूम में लगे एक पंखे में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक धुआं निकलने लगा, जो कुछ ही देर में आग में बदल गया। मौके पर मौजूद मेडिकल स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



अधिकारियों की माने तो शॉर्ट सर्किट के चलते यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सतर्कता के कारण आग फैलने से पहले ही बुझा दी गई। घटना की सूचना नगर निगम फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया था। अस्पताल प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर विद्युत व्यवस्था की जांच के निर्देश दिए हैं।

## सिद्धिदात्री माँ का पूजन एवं श्री राम जन्मोत्सव आज

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत) ।** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित श्री दुर्गा -हनुमान मंदिर में पं.वासुदेव शास्त्री,पं.वीरेंद्र दुबे के सानिध्य में आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन अर्चन उपरांत हवन पूर्णाहुति प्रसाद वितरण संपन्न हुआ।आज नवम् स्वरूप सिद्धिदात्री माँ का प्रात:पूजनअर्चन एवं श्री राम जन्मोत्सव,मंगलआरती,प्रसाद वितरण पश्चात कन्या भोज आयोजित है। संयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा, सुनील ताम्रकार,अरविन्द गुप्ता, विकास चौहान,नवीन नेमा,श्याम कोष्टा, आशीष नेमा,नितिन दुबे, संदीप नेमा,अरविंद तिवारी,राजीव दुबे,कृष्ण कांत शुक्ला,अंकित बहरे, शिशिर बादल,राजेंद्र ब्यौहार, प्रशांत गुप्ता,अमित गुप्ता,नीरज शर्मा, कल्पना सुहाने,सुनीता बादल,शकुन ठाकुर,अनीता गुप्ता,प्रीति गुप्ता,पूजा शर्मा,संगीता ब्यौहार,रीता सरैया,श्रद्धा शर्मा किशोरी सोनी आदि ने उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

# प्रगतिशील किसानों का हुआ सम्मान



**सिहोरा ( स्वतंत्र मत) ।** कृषि उपज मंडी सिहोरा में मुख्यमंत्री डां.मोहन यादव के जन्मदिन दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन पर आयोजित किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत सिहोरा तहसील के जैविक खेती कृषि एवं पशुपालन मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशमंत्री राजमणि सिंह बघेल बहोरीबंद विधायक प्रणव पांडेय एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। सम्मानित किसानो में पुरूषोतम असाटी , कमल पालीवाल, जयराम केवट, चैनलाल पटेल, रामकिशन दाहिया, भूपेंद्र चौरसिया, अमित साहू, इंद्रकुमार काछी, योगेंद्र सिंह, रामगोपाल सिंह, वंशीलाल सिंह, टेकसिंह, सुबोध दुबे, राकेश विश्वकर्मा, विपत पटेल, सुरेन्द्र पटेल, अजय पटेल, जगदीश प्रसाद , सनी चौरसिया,सुरेश प्रसाद, दीपक चौबे, शामिल है ।

### ट्रैक्टर ने युवक को मारी टक्कर ,मौत

**सिहोरा ( स्वतंत्र मत) ।** खितौला थाना क्षेत्र के ग्राम भाटादौन हिरन नदी पुल के पास दोपहर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक 50 वर्षीय विनोद चक्रवर्ती पिता रतनलाल चक्रवर्ती निवास मझगवां किसी काम से सिहोरा आ रहा था। जैसे ही हिरन नदी भाटा दौन पुल के पास पहुंचा है तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी जिस कारण बाइक सवार उछलकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। खितौला पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की झाँच शुरू की है।



### मुख्यमंत्री डॉ यादव का जन्मदिवस मनाने भाजपा नेता पहुंचे गौशाला

**सिहोरा ( स्वतंत्र मत) ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्म दिवस के मौके पर भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य नीरज पांडे, गोसलपुर के पास बरनू तिराहा मे संचालित पौराणिक गौ सेवालय कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और गौ माता की सेवा करते हुए, सहयोग राशि प्रदान कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर दीपक तिवारी, आकाश पटेल, ऋषभ द्विवेदी, रामभजन यादव, अंशुल तिवारी ,अशोक चौधरी, भोला दुबे, मोहन मिश्रा, सुनील चक्रवर्ती,विशु गौतम, रोहित तिवारी, दिव्यार्षण त्रिपाठी, सत्यम शुक्ला ,हेमचंद असाटी ,आकाश जैन शुभम द्विवेदी, राहुल तंतुवाय, राजीव पटेल, दीपक पटेल, दीपक तंतुवा,य पुरुषोतम माना उपस्थित थे।

## बिजली कंपनियों में सेवानिवृत्त आयु में व्याप्त विसंगति ऊर्जा विभाग करे दूर

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत बिजली कंपनियों में कर्मचारियों की सेवा निवृत्त आयु के अलग-अलग आदेश, नियम है। सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सेवा निवृत्त आयु 62 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं बिजली कंपनियों में कार्यरत कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 बर्ष निर्धारित की गई है। जो कि न्यायोचित नहीं है। उपरोक्त संदर्भ में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने बताया कि बिजली सेक्टर की कंपनियों में आज भी कर्मचारियों के लिए दो अलग-अलग नियम, कानून चल रहे हैं। बिजली कंपनियों में सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष निर्धारित की गई है परंतु कंपनी कैडर लाईन परिचारकों को 55 बर्ष में सेवा आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और अन्य बिजली कंपनियों ने एक ही संस्थान में दो अलग-अलग नियम की जगह इन कर्मचारियों की भी सेवा निवृत्त आयु 62 बर्ष करने का अनुसंशा सहित प्रस्ताव काफी समय पूर्व ही अनुमोदन के लिए ऊर्जा विभाग को प्रेषित किया था, इसके बावजूद भी आज तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है। जिससे इस श्रेणी के कर्मचारियों को 55 बर्ष में ही सेवा निवृत्त किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह कर्मचारी गण सीधे उपभोक्ता सेवा से जुड़े रहते हैं। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक,यू के पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, सीताराम कुरचानिया, केदारनाथ अग्निहोत्री, श्याम मोहन वर्मा, अवनीश तिवारी, विमल महापात्र, सुधीर मिश्रा, दीपक मेमने, विजय तिवारी उपस्थित थे।

# संभागायुक्त ने की विभागीय योजनाओं के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शासन निर्देशानुसार सहभागी विभागों की कार्ययोजना अनुरूप जल संवर्धन की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। वीडियों कांफ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें



राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट, लोक सेवा गारंटी, जीएडी, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के साथ ही मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान निर्धारित लेबर बजट एवं विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की जिले वार समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान अंतर्गत स्वीकृति एवं पूर्ण आवासों की समीक्षा भी की गई। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## कैट का ऑनलाइन व्यापार सेमिनार आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश द्वारा व्हाट्सएप से व्यापार डिजिटल ऑनलाइन सेमिनार आज 27 मार्च को शाम 4 बजे आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि इस सेमिनार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही नई दिल्ली से कैट की ऑपरेशन हेड इशिता ओझा डिजिटल व्यापार में हम सबको कैसे आगे बढ़ना है इस पर अपनी बात रखेंगी। कैट ने व्हाट्सएप के सहयोग से एक विशेष सत्र आयोजित किया गया है जिसके अंतर्गत आप अपने व्यापार को किस तरह से बढ़ा सकते हैं यह सिखाया जाएगा। हम व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाएं, ऑर्डर कस्टमर मैनेजमेंट को आसान बनाएं, अपने व्यापार को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आगे ले जाएं। इस प्रकार की अन्य गतिविधियों को समझाया जाएगा।

## ट्रेन से टकराकर महिला तो सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत शोभापुर सतलपुला रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से टकराकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गई तो वहीं भेड़ाघाट के तेवर ब्रिज के पास विगत दिनों सड़क हादसे में घायल एक युवक की उपचार दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। दोनों मामलों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# 4.80 प्रतिशत की दर से महंगी होगी बिजली

### आम जनता को राहत की थी उम्मीद ,1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

जबलपुर ( स्वतंत्र मत) ।

बिजली कंपनी ने घाटे की भरपाई के लिए बिजली की दरें बढ़ने की मांग की थी और आम जनता को 2026-27 बिजली टैरिफ से राहत की उम्मीद है , मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया बिजली टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। जहाँ बिजली कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए 10.19ज की भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया था, वहीं आयोग ने आम जनता को राहत देते हुए केवल 4.80ज की औसत वृद्धि को ही स्वीकार किया है। आयोग ने कई श्रेणियों में न्यूनतम प्रभार को पूरी तरह समाप्त कर दिया । अब कृषि, सार्वजनिक जल प्रदाय, मेट्रो रेल और थोक आवासीय उपभोक्ताओं को कोई न्यूनतम प्रभार नहीं देना होगा। उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार का मीटरिंग प्रभार भी नहीं वसूला जाएगा।

मेट्रो रेल और मौसमी उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। स्मार्ट मीटर इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के लिए सौर ऊर्जा अवधि (दिन के समय) में ऊर्जा प्रभार पर 20ज की छूट जारी रहेगी। आयोग ने प्रीपेड मीटर और ऑनलाइन भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के लिए मिलने वाली छूट और प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था को यथावत रखा है। साथ ही, हरित ऊर्जा के टैरिफ में भी कमी की गई है ताकि पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल सके। बड़े उद्योगों के लिए रात के समय बिजली इस्तेमाल करने पर मिलने वाली विशेष छूट जारी रहेगी। साथ ही, ओपन एक्सेस के माध्यम से बिजली लेने वाले उपभोक्ताओं के 'अतिरिक्त अधिभार' में भी कमी की गई है। आयोग ने बिजली कंपनियों को तकनीकी सुधार और लागत कम करने के लिए अनुसंधान एवं विकास फंड बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

# फर्नीचर दुकानों और कारखाने में भभकी आग

### अधारताल क्षेत्र का मामला, आधा दर्जन से अधिक दमकल वाहनों ने आग पर पाया काबू

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।





आधारताल क्षेत्र में गुरुवार तड़के करीब साढ़े चार बजे फर्नीचर दुकानों और एक कारखाने में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं, जहां आग तेजी से फैल चुकी थी। आग की शुरुआत एक फर्नीचर दुकान और उससे जुड़े कारखाने से हुई, जो आसपास की दुकानों तक फैल गई। 'साहू फर्नीचर' और 'क्लासिक फर्नीचर' समेत कई प्रतिष्ठान इसकी चपेट में आए। नगर निगम ने आग की गंभीरता को देखते हुए सात फायर ब्रिगेड और आठ पानी के टैंकर मौके पर भेजे। दमकल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को काफी हद तक कंट्रोल किया। मौके पर मौजूद एक दुकान संचालक ने करीब 10 लाख रुपए के फर्नीचर जलने का अनुमान बताया। अन्य प्रतिष्ठानों में भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।शुरुआती आकलन में 'क्लासिक फर्नीचर' को अकेले करीब एक करोड़ रुपए तक के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। फायरमैन राजेश के अनुसार, समय रहते टीम के पहुंचने से आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका।घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 28 वर्ष पुरानी परंपरा के तहत निकली भव्य शोभायात्रा





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

26 मार्च को रामनवमी का पावन पर्व जिलेभर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम पर्वक मनाया गया। शहर के प्राचीन श्रीराम मंदिर में अलौकिक धार्मिक वातावरण देखने को मिला, जहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों और रामधुन से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। दोपहर में मंदिर के पट भक्तों के लिए खोले गए, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण के आकर्षक एवं श्रृंगारित स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। रामायण मंडल द्वारा प्रस्तुत संगीतमय रामधुन ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस वर्ष रामनवमी की तिथि को लेकर विशेष स्थिति बनी रही। उदया तिथि के अनुसार पर्व अगले दिन था, किंतु 26 मार्च को सुबह 11 बजे से नवमी तिथि प्रारंभ हो जाने के कारण बालाघाट सहित प्रदेश के कई जिलों में इसी दिन रामनवमी का आयोजन किया गया। पूरे दिन शहर में राममय वातावरण बना रहा। रामनवमी के अवसर पर आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव एवं दिव्य शोभायात्रा इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। यह परंपरा बालाघाट जिले में पिछले 28 वर्षों से निरंतर चली आ रही है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की भागीदारी और उत्साह बड़ता ही जा रहा है। इस वर्ष भी शोभायात्रा भव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम बनी।

शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिलाएं,, युवा और बच्चे शामिल हुए। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा।

यात्रा के समापन के पश्चात काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमी का यह पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो धर्म, मयार्दा, सत्य और आदर्श जीवन का संदेश देता है। बालाघाट में इस पर्व का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त करता है। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर जिले की समृद्ध धार्मिक परंपरा और सामूहिक श्रद्धा का परिचय दिया।

## रेलवाही विद्यालय में एसएमडीसी बैठक का हुआ आयोजन



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** विकासखंड बिरसा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेलवाही में 25 मार्च 2026 को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना एवं विद्यालय के समग्र विकास पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में प्राचार्य एच.के. राणा, सेवानिवृत्त उपायुक्त बी. एल. तलवरे, उपसरपंच भूपेंद्र यादव, शंभूलाल बघेल, राहुल पिवहरे, ओमन मरकाम (रोजगार सहायक), सीएचओ राधिका राहंगडाले सहित एसएमडीसी सदस्य एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सीईयुटी परीक्षा की तैयारी के लिए पुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। इसके अलावा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा विद्यालय की अधोसंरचना को मजबूत बनाने पर गंभीर चर्चा हुई। विद्यालय परिसर के खेल मैदान के समतलीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने विद्यालय को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का मंच बताते हुए इसके सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# चैत्र नवरात्रि कि अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, आज होगा जवारों का विसर्जन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



चैत्र नवरात्रि का आज अंतिम दिन है। नौ दिनों तक जिला मुख्यालय उमरिया स्थित माँ ज्वालामुखी मंदिर, माँ शारदा देवी मंदिर, वैश्नो देवी मंदिर, शाकम्भरी देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने माता की नौ रूपो की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान व्रत रखकर भी माता की आराधना की गई। इसी तरह बिरसिंहपुर पाली स्थित माँ विरासनी मंदिर एवं ऊँचेहरा स्थित माँ ज्वाला मंदिर में जिला मुख्यालय उमरिया सहित अन्य जगहों से भक्तों की भीड़ उमड़ी। बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी माता के अष्टमी के दिन दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसकी शोभा देखते ही बनती है। मंदिर परिसरों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इन्तजाम किये गए थे। श्रद्धालुओं द्वारा घरों तथा मन्दिर अठमाइन चढ़ाकर परिवार के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। आज चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन मन्दिर परिसरों, घरों में बोये गए आस्था के जवारों का स्थानीय नदियों में काली नृत्य के साथ ज्वालामुखी घाट में विसर्जन किया जाएगा। साथ आस्ट्मी के दिन देवी स्वरूप छोटी छोटी कन्याओं का पूजन करते हुए कन्या भोज कराया। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज बिरसिंहपुर पाली स्थित माँ विरासनी के दरबार से ऐतिहासिक जावरा निकलेगा जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ स्थानीय सगरा तालाब में पहुँचेगा, जहाँ विधि विधान के साथ जावरा का विसर्जन होगा। सर्वप्रथम कलेक्टर उमरिया द्वारा माँ विरासनी की पूजा अर्चना की जाएगी, तत्पश्चात यह जवारा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा। विदित हो कि इस जवारा विसर्जन कार्यक्रम को देखने जिला मुख्यालय उमरिया सहित अन्य जगहों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहाँ उपस्थित होते है।

# घायल तेंदुए को मिला नया जीवनः रेस्क्यू एवं उपचार के बाद जंगल में हुई वापसी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



जिले के वन क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली, जहां एक घायल तेंदुए को न केवल बचाया गया, बल्कि उपचार के बाद सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया। घटना 13 मार्च 2026 की है, जब वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य की बीट आगरवाड़ा अंतर्गत ग्राम बीजाटोला के पास नहर किनारे एक तेंदुए के घायल होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। वनसंरक्षक गौरव चौधरी एवं वनमंडल अधिकारी नित्यानंदम एल. के निर्देशन में, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से अनुमति प्राप्त कर विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया। रेस्क्यू अभियान में नानाजी देशमुख वन्यप्राणी पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय की पशुचिकित्सक टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम ने घायल तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे उपचार हेतु मुक्की रेस्क्यू सेंटर भेज दिया था। कुछ दिनों तक चले उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति में सुधार हुआ और विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों द्वारा उसे पूर्णतः स्वस्थ घोषित करते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया। इसके बाद 24 मार्च को वन विभाग, पशुचिकित्सकों एवं कान्हा टाइगर रिजर्व के स्टाफ की मौजूदगी में तेंदुए को मानव व्यवधान से दूर एक सुरक्षित आरक्षित वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ दिया गया। यह पूरी कार्रवाई वन विभाग की सजगता, विशेषज्ञों के समन्वय और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रयास से न केवल एक वन्यजीव का जीवन बचाया गया, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बम्हौरी-तिंदी में जल मंदिर-प्याऊ की हुई स्थापना




**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के धामना सेक्टर की नवांकुर संस्था सुदर्शन जनकल्याण समिति तथा नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्हौरी-तिंदनी द्वारा जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ठेमी तिराहा, मलाह पिपरिया में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई, जिससे ग्रीष्मकाल में राहगीरों एवं आसपास के नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह पहल जनसहभागिता के माध्यम से सेवा, परोपकार एवं जल संरक्षण की भावना को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मौजूद नागरिकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। जल संरक्षण, संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व से अवगत कराते हुए सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर श्री जय नारायण शर्मा, सुदर्शन जनकल्याण समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, समाज में सेवा भाव विकसित करना तथा जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है।

# आदर्श स्कूल के छात्रों ने नवाचारों से किया प्रभावित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)



गत दिवस नगर के शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत बच्चों द्वारा पर्यावरण जागरूकता हेतु सतत जीवन शैली के अंतर्गत पुराने कपड़ो से बेग, मिट्टी से खिलोने, कागज,पेपर्स से थैले बनाना आदि गतिविधियां की गई। अंत में सहभागिता करने वाले सभी छात्रो को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य आर पी महिलाँग ने भी अपना उदबोधन दिया एवं छात्रों के जज्बे को सराहा। इस आयोजन में श्रीमती ज्योति शर्मा, राजीव नाहर, पूजा विश्नोई,रत्ना राजपूत,ज्योति विश्वकर्मा, आभा मिश्रा,गायत्री राय, अखिल सोनी,रंजीत सराठे सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम झामर में वृक्ष पूजन कर पौधारोपण का हुआ रोपण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद की विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत धामना सेक्टर की नवांकुर संस्था सुदर्शन जन कल्याण समिति बम्हौरी-तिंदनी के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झामर में जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत वृक्ष पूजन, कलश पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व से अवगत कराते हुए जल की प्रत्येक बूंद और जल स्त्रोतों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में नवांकुर संस्थाएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी और परामर्शदाता सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा, नवांकुर संस्था सुदर्शन जनकल्याण समिति बम्हौरी-तिंदनी, जय ज्वाला शिक्षा प्रचार- प्रसार समिति, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, नवांकुर सखियां तथा स्वच्छता से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी नागरिकों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


## अग्रवाल समाज गणगौर पर्व का शौभायात्रा के साथ समापन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** प्रति वर्षानुसारइस वर्ष भी अग्रवाल महिला मंडल गाडरवारा द्वारा गणगौर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी घरों में गणगौर जी की पूजा अर्चना की गई उसके बाद दूसरे दिन शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जो कि श्री देवलक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री देव बांके बिहारी जी मंदिर में समापन हुई जहां महिला मंडल की सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल उपाध्यक्ष कल्पना बंसल अनुराधा खजांची सचिव साधना अग्रवाल सहसचिव रचना अग्रवाल प्रीति अग्रवाल संपदा अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल ने सभी का आभार माना आयोजन में अग्रवाल समाज परिषद एवं अग्रवाल युवा परिषद की सराहनीय भूमिका रही।



# पावर हाउस के ट्रांसफार्मर में लगी आम

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** गुरुवार 26 मार्च को नौरोजाबाद स्थित पठारी रेलवे फाटक के पास गुरुवार को रेलवे के 220 केवी पावर हाउस के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। शहडोल-कटनी रेलवे लाइन पर स्थित इस पावर हाउस में आग लगने से क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। घटना के बाद रेलवे के तकनीकी अधिकारी और कर्मचारी राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर में आग भड़की है। आग की लपटें तेजी से फैलने के कारण ट्रांसफार्मर को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना के बाद स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीम को भी आग बुझाने के लिए मौके पर बुलाया गया है। रेलवे के कर्मचारियों ने सुरक्षा के लिहाज से प्रभावित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी है ताकि आग पर काबू पाया जा सके। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा होने के कारण बचाव कार्य में शुरुआत में बाधा आई जिसे रेलवे सुरक्षा बल एवं कर्मचारियों ने सुरक्षित दूरी से हटाया। पावर हाउस में हुए इस हादसे के कारण रेलवे के बिजली ग्रिड से जुड़ी आपूर्ति पर असर पड़ा है। अधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं और वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से बिजली सप्लाई बहाल करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।



## ग्राम परसवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल के महत्व पर किया जागरूक

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड गोटेगांव के ग्राम परसवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही सामूहिक रूप से वृक्ष पूजन एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री प्रतीक दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परसवाड़ा, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 41 नवजात बालिकाओं को वितरित किए स्वागत किट

**नरसिंहपुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को शासकीय जिला चिकित्सालय में जन्मी 41 नवजात बालिकाओं को स्वागत किट का वितरण किया गया। स्वागत किट में एक जोड़ी कपड़े, क्रीम, ऑयल एवं नवजात बालिकाओं के लिए अन्य सामग्री शामिल हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक सुश्री प्राजंली मर्सकोले ने नवजात बालिकाओं और उनकी माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक पोषण लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक माहौल विकसित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि घटते शिशु लिंगानुपात पर नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जन्म के समय लिंगानुपात में हर साल 2 अंको का सुधार करना, संस्थागत प्रसव के प्रतिशत में सुधार करना, 95 प्रतिशत या उससे अधिक दर पर बने रहना, प्रति वर्ष प्रसव रोधी देखभाल (एएनसी) पंजीकरण में पहली तिमाही व प्रतिवर्ष माध्यमिक शिक्षा स्तर पर नामांकन और बालिकाओं/ महिलाओं के कौशल में एक प्रतिशत की वृद्धि, माध्यमिक- उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर बालिकाओं के बीच स्कूल छोड़ने की दर को रोकना और सुरक्षित माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) के बारे मे बालिकाओं के बीच जागरूकता को बढ़ाना है। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र सिंह पटेल, श्रीमती बिन्दु तिवारी, श्री अम्रताष दुबे, श्री आशीष विश्वकर्मा और स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# जिले के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में बन रहे हैं बालिका शौचालय

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मध्य प्रदेश में 8वीं तक के सरकारी स्कूलों में बालिकाओं और दिव्यांग छात्रों के लिए शौचालय निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह अभियान छात्रों की सुरक्षा और सुविधा (सैनिटेशन) को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष शौचालय, जिनमें रैंप और वेस्टर्न सीट जैसी सुविधाएं शामिल हैं, बनाए जा रहे हैं।कलेक्टरों के निर्देशों के अनुसार, निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगामी सत्र में उपयोग किया जा सके।शौचालय निर्माण के लक्ष्य के साथ इस दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग आगे बढ़ रहा है। इसमें जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और जिला एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा अहम योगदान दिया जा रहा है। मध्यामिक शालाओं में शौचालय के साथ फंक्शनल इंसिनिरेटर भी बनाया जा रहा है जिससे कि शालाओं में बालिकाओं को माहवारी के समय परेशानी न हो।

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग पाठशाला स्वच्छता के सौ फीसदी लक्ष्य प्राप्ति के लिए 30 जून तक प्रदेश की सभी पाठशालाओं में शौचालय बना लेगा। जब बच्चे नए सत्र में पाठशाला जाएंगे, तो उन्हें शाला में उपयोग करने लायक शौचालय की सुविधा मिल जाएगी। मुख्यमन्त्री ने इस सम्बन्ध में विभाग की समीक्षा करते हुए पहले ही कह दिया है कि इस समय सीमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

जिला परियोजना समन्वयक केके डहेरिया ने बताया कि जिले में तीनों ब्लॉक के लिए प्रथम चरण में स्वीकृत बालिका शौचालय का निर्माण 55 स्कूलों में किया गया है और द्वितीय चरण में 47 कुल 102 स्कूलों में बालिका शौचालय बनाये जा रहे हैं प्रति शौचालय के निर्माण के लिए 2 लाख 81 हजार रुपये शासन से स्कूलों के लिए जारी किया गया है जिसमे जिले मे लगभग 3 करोड़ के आसपास की राशि स्कूलों शौचालय निर्माण के लिए मिल चुकी हैं और लगातार निर्माण कार्य जारी है जिसका कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ लगातार मोनिटरिंग कर रहे हैं।

वही 105 स्कूलों में शौचालय के मरम्मत कार्य जारी है जिसमे प्रथम चरण में 39 एवं द्वितीय चरण में 66 स्कूल शामिल है जिनके लिए शासन से 20 हजार रुपये प्रति विद्यालयो के लिए राशि जारी किया गया है।

जिले के 5 प्राथमिक शाला में शौचालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिसमे मानपुर ब्लॉक के ग्राम बदरेहल,नदिया टोला, कुम्हर्रा और करकेली ब्लॉक के ग्राम करही और पाली ब्लॉक के धूपखडा ग्राम शामिल है। कुछ जगहों पर गुणवत्ताहीन निर्माण और चालू शौचालय की कमी के मामले भी सामने आए हैं, जिस पर अधिकारी सख्त है।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 24 मार्च को ग्राम पिंडरई तहसील नैनपुर एवं ग्राम हिरदेनगर तहसील मण्डला क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए 3 वाहनों को पकड़ा गया जिनमें 2 ट्रैक्टर और 1 डम्फर शामिल हैं। जब्त वाहनों को संबंधित चौकी पिंडरई एवं हिरदेनगर की सुपुर्दगी में रखा गया है। आरोपियों के विरुद्ध मप्र खनिज अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई खनिज निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

## शी-बॉक्स पोर्टल पर कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम जमठार में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत एकता महिला आजीविका संकुल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं को शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013, वन स्टॉप सेंटर सेवाएं, बैंकिंग, बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

## भागीदारी के लिए निर्देश जारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पात्र अभ्यर्थियों को समय-सीमा में आवेदन कराने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत बिछिया के ग्राम कन्हारीकला स्थित नवनिर्मित पीएम जनमन आंगनवाड़ी केंद्र का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र की साफ-सफाई बच्चों के बैठने की व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## अधिकारी कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 26 मार्च को प्रात: 10:10 बजे तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 21 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनके विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है जारी आदेश के अनुसार तहसील कार्यालय में 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में 7 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए सभी संबंधित कर्मचारियों से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस तामील कराते हुए उनकी प्राप्ति अभिस्वीकृति शीघ्र भेजना सुनिश्चित किया जाए।

# जब जहां मिला मौका...सरकारी धन पर लगाया चौका

## जैसे ही खुली पोल तो बचने और बचाने अधिकारियों की करने लगे खुशामद

मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया जिसमें नैनपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली चिरईडोंगरी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत में कथित वित्तीय अनियमित ताओं को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत स्तर पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और कई योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही मांग की है। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने सामूहिक रूप से आवेदन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जनसुनवाई को उन्होंने अपनी अंतिम उम्मीद बताते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में हो रही वित्तीय गतिविधियों को लेकर उन्हें संदेह हुआ जिसके बाद उन्होंने 2 सितंबर 2025 को सूचना का अधिकार के तहत विस्तृत जानकारी मांगी। आवेदन में विभिन्न योजनाओं, टैक्स वसूली और खर्च का विवरण मांगा गया था। लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने जनपद पंचायत स्तर पर प्रथम अपील भी दायर की परंतु वहां से भी अब तक कोई जवाब नहीं मिला। इस लापरवाही को ग्रामीणों ने प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण बताया है। आवेदन में ग्रामीणों ने प्रमुख रूप से नल-जल योजना से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि 1 जनवरी 2023 से नवंबर 2025 तक पंचायत द्वारा नल-जल टैक्स के रूप में जो राशि ग्रामीणों से वसूली गई उसे शासकीय खाते में जमा नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार यह राशि लाखों रुपये में हो सकती है लेकिन उसका कोई लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया गया। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि इस राशि का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों




ने मार्च 2023 से नवंबर 2025 तक बाजार हाट ठेके के माध्यम से हुई वसूली की भी जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि ठेके के नाम पर वसूली तो की गई लेकिन उसका सही हिसाब पंचायत के रिकॉर्ड में नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़े स्तर पर वित्तीय गड़बड़ी सामने आ सकती है ग्रामीणों ने पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों और उनके भुगतान पर भी सवाल उठाए हैं। इनमें शामिल हैं सोकता गड्ढा निर्माण टेंट और अन्य सामग्री के नाम पर किए गए भुगतान मछली मार्केट में चबूतरा निर्माण और समतलीकरण कार्य एलईडी स्ट्रीट लाइट का रख-रखाव मोटर पंप संधार नल पाइप लाइन मरम्मत ग्रामीणों का आरोप है कि इन कार्यों में या तो कार्य अधूरे हैं या फिर कागजों में ही पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया है। एक अन्य गंभीर आरोप मछली मार्केट से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि वहां दुकानदारों से प्रति दुकान 500 रुपये नगद वसूले गए लेकिन यह राशि शासकीय खाते में जमा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया बिना रसीद के की गई जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। यदि इस मामले की जांच की जाए तो बड़ी अनियमितता सामने आ सकती है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता का अभाव है। न तो समय पर जानकारी दी जाती है और न ही ग्राम सभा में सही तरीके से लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी वित्तीय लेन-देन की जांच कराई जाए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका तय की जाए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कलेक्टर से अपील की है कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या उच्च स्तरीय समिति से कराई जाए ताकि निष्पक्षता बनी रहें ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इन अनियमितताओं का सीधा असर गांव के विकास पर पड़ रहा है। जिन योजनाओं के लिए पैसा आवंटित किया गया उनका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। नल-जल योजना सड़क रोशनी और अन्य बुनियादी सुविधाओं में कमी के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। यदि जांच शुरू होती है, तो यह मामला जिले में पंचायत स्तर की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे आगे आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे। ग्राम पंचायत चिरईडोंगरी का यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं है बल्कि यह ग्रामीण प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की व्यापक समस्या को उजागर करता है।

## पुलिस ने चार गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिछिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7.211 किलोग्राम गांजा एवं एक कार जब्त की है पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में 25 मार्च को यह कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार थाना बिछिया के उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की कार यूपी 75 एएस 7996 में कुछ लोग गांजा लेकर घुटास से बिछिया की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही एसडीओपी सौरभ तिवारी को अवगत कराया गया जिसके बाद थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन कर कोको रोड स्थित पडरिया तिराहा और एनएच 30 पर चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान ग्राम गुडली के पास संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में सवार चारों आरोपियों के पास से 7.211 किलो अवैध गांजा कीमत लगभग 72 हजार रुपये बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जब्त सामग्री में शामिल 7.211 किलोग्राम गांजा महिंद्रा एक्सक्यूव्ही 300 कार कीमत लगभग 6 लाख रुपये आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किया गिरफ्तार आरोपी उमेश सिंह 30 वर्ष जिला इटावा उप्र अमित उर्फ राजा 18 वर्ष जिला डिंडोरी मप्र कुलदीप 18 वर्ष जिला कानपुर देहात उप्र देवेन्द्र 33 वर्ष जिला कानपुर देहात उप्र है।

## आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

नगर के श्रीराम मंदिर बिछिया में रामनवमी मनाने की तैयारी विगत एक सप्ताह से चल रही है 27 मार्च को रामनवमी को लेकर स्थानीय राममंदिर को लाइट ओर डेकोरेशन से सजाया गया है और आज नवमी तिथि को प्रात: काल से ही राम मंदिर में हवन पूजन महाआरती प्रसादी के साथ विशाल शोभायात्रा शुक्रवार शाम 4 बजे नगर में निकाली जाएगी। समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी तत्परता से कार्य कर रहे है डीजे बैंड बाजे आतिश बाजी रथ आदि की तैयारी में जुटे हुए हैं नवमी तिथि को सुबह से राम के जयघोष के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे राम मंदिर समिति ने नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र से सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## जोनल मैनेजर ने किया वर्कशॉप का शुभारंभ

मण्डला(स्वतंत्रमत)



चैत्र नवरात्र की अष्टमी तीज के अवसर पर स्वराज्य ट्रैक्टर के जोनल मैनेजर प्रदीप कुलकर्णी का मंडला आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर के बिझिंया स्थित जीडी एण्ड संस स्वराज्य ट्रैक्टर एजेंसी में उनका स्वागत किया गया। जैसे ही जोनल मैनेजर प्रदीप कुलकर्णी एजेंसी परिसर पहुंचे वहां उपस्थित कर्मचारियों एवं किसानों ने फूल वर्षा कर उनका अभिवादन किया एजेंसी संचालक ब्रजेश जसवानी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान प्रदीप कुलकर्णी ने एजेंसी का निरीक्षण करते हुए संचालक ब्रजेश जसवानी के साथ बैठक कर स्वराज्य ट्रैक्टर के संचालन बिक्री एवं सेवाओं से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने एजेंसी की व्यवस्थाओं व सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सुव्यवस्थित एजेंसी किसानों के विश्वास को मजबूत करती है। जोनल मैनेजर ने स्वराज्य ट्रैक्टर की सेल्स पर विशेष ध्यान देने कहते हुए वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा की उन्होंने इस दौरान वर्कशॉप का भी शुभारंभ किया और कहा कि जिले में स्वराज्य ट्रैक्टर की मजबूत पहचान यहां के किसानों के विश्वास और संतुष्टि का परिणाम है। प्रदीप कुलकर्णी ने उपस्थित किसानों से सीधा संवाद भी किया उन्होंने किसानों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान एरिया मैनेजर महेश अहीरे, टेरिटरी क्षेत्रीय प्रबंधक बिहारी लाल यादव एवं कस्टमर केयर मैनेजर अविनाश यादव सहित एजेंसी के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## उदय चौक में फहराया गया भगवा ध्वज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला मंत्री ललित हिडाऊ के नेतृत्व में उदय चौक कमानिया गेट में भगवा ध्वज फहराया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं



सनातन धर्म के प्रति समर्पित श्रृद्धालु उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने भगवा ध्वज के समक्ष भारत माता के जयकारों एवं जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति एकता और जागरूकता का संदेश फैलाना रहा। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। जिला मंत्री ललित हिडाऊ ने कहा यह भगवा ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति त्याग बलिदान और धर्म की रक्षा का प्रतीक है यह हमें हमारी महान परंपराओं और गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है आज हम सभी को एकजुट होकर हिंदू समाज की रक्षा संगठन और संस्कारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा जब तक हम संगठित रहेंगे तब तक हमारी संस्कृति और धर्म को कोई भी शक्ति कमजोर नहीं कर सकती।

## दो दिवसीय मां उत्तरवाहिनी परिक्रमा 28 से, तैयारियां पूर्ण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महिष्मति श्री व्यास दंड मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के तत्वाधान में 28-29 मार्च शनिवार-रविवार को दो दिवसीय सामूहिक मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित अन्य जिलों एवं राज्यों से श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार पतित पावनी मां नर्मदा एवं श्री व्यास नारायण महादेव मंदिर की कृपा से श्रृद्धालुओं को इस पावन परिक्रमा का अवसर प्राप्त हो रहा है। मान्यता है कि चैत्र मास में किसी भी उत्तरवाहिनी प्रवाह में पांच कोस से अधिक की यात्रा करने पर पूर्ण परिक्रमा का पुण्यफल प्राप्त होता है। पहले दिन प्रात: 6 बजे किला घाट स्थित श्री व्यास नारायण महादेव मंदिर में श्रृद्धालुओं का एकत्री करण होगा। इसके बाद पूजन एवं मां



नर्मदा की आरती कर तट परिवर्तन किया जाएगा। यात्रा त्रिवेणी संगम महाराजपुर श्री चित्रगुप्त मंदिर एवं ज्वाला जी मंदिर होते हुए आगे बढ़ेगी मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रृद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। सिलपुरा में दोपहर विश्राम के पश्चात यात्रा घाघा पहुंचेगी जहां संध्या आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी दूसरे दिन प्रात: 5:30 बजे घाघा से यात्रा पुन: प्रारंभ होगी बबैहा घाट में तट परिवर्तन कर श्रृद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। इसके बाद कटरा स्थित राजपूत मैरिज गार्डन में भोजन एवं विश्राम होगा दोपहर पश्चात यात्रा बिंझिया, बड़ चौराहा, उदय चौक, सराफा एवं बुधवारी चौक से होते हुए पुन: श्री व्यास नारायण महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां संकल्प पूर्ति एवं सामूहिक महा आरती का आयोजन किया जाएगा आयोजन के समापन पर बाहर से आए श्रृद्धालुओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे समिति ने सभी श्रृद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कार्यकर्ताओं को सौंपी संगठन की जिम्मेदारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आम आदमी पार्टी लगातार अपने संगठन को विस्तार करने में लगी है। जहां राष्ट्रीय नेताओं और प्रदेश संगठन ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी पंकज सोनी को दी। पंकज सोनी लगातार जिले में अस्पताल में डॉक्टर्स एवं ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश संगठन में प्रदेश सह सचिव के रूप में जिले के आदिवासी नेता अशोक शाह धुर्वे को जिम्मेदारी मिली। साथ ही जिला संगठन मंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी शिशु सिंधु भलावी को देकर पार्टी ने आदिवासी जिले में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास आरंभ कर दिया हैं। बता दें कि अशोक शाह धुर्वे पूर्व में जनपद सदस्य रह चुके हैं। साथ



ही पार्टी में लोकसभा सहसचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उठा चुके हैं। साथ ही संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी वर्तमान में बड़ी खैरी पंचायत से पंच है एवं गोंड समाज महासभा के युवा जिला अध्यक्ष हैं। साथ ही जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछवाहा, आनंद प्रकाश तिवारी, नरेंद्र परस्ते, यशवंत जायसवाल, अरविंद परते, धीरज पनरिया जिला सह सचिव दुर्गेश उइके, राकेश वरकड़े, विनय राणे, प्रकाश धनंजय, चंद्रसिंह मरावी, पुष्प राज मरावी, लीगल विंग जिला अध्यक्ष मुकेश तुमराली, लीगल विंग संगठन मंत्री जागेश यादव, यूथ विंग जिला अध्यक्ष आदित्य पटेल, यूथ विंग जिला संगठन मंत्री तरुण बघेल, ओबीसी विंग जिला अध्यक्ष हितेंद्र सिंह, ओबीसी विंग जिला संगठन मंत्री संजय रजक, एस सी विंग जिलाध्यक्ष अरविंद गढ़वाल, एससी विंग संगठन मंत्री नितिन झरिया, बौद्धिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अशोक पांडे, एजुकेशन विंग जिला अध्यक्ष महेंद्र सोनी, एजुकेशन विंग संगठन मंत्री संत कुमार यादव बनाए गए।

## मंडी में कृषि विभाग द्वारा कृषक संवाद का आयोजन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** कृषि मंडी नैनपुर में कृषकों की समस्याओं को लेकर कृषि संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में नैनपुर ब्लॉक की सभी पंचायतों से किसान एकत्रित हुए। जहां कृषकों ने शासन प्रशासन के द्वारा वर्तमान में फसल कटाई हेतु नियमावली बनाई गई है उसमें आने वाली समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। कृषकों के द्वारा बताया गया की हार्वेस्टर में जो एस एम एस लगाने की बात की गई वो किसान हित में नही है। जिससे किसानों के घर मे पाली गई मवेशियों के लिए भूसा प्राप्त नही हो पाएगा । कृषकों द्वारा सुझाव दिया गया और बात रखी गई की किसानों को कटाई के बाद स्ट्रा रीपर चलाने की अनुमति दी जाए। जिससे मवेशियों को खाने के लिए भूसा प्राप्त हो सके । जिस पर अधिकारियों ने सहमति जताई। इसी प्रकार एस डी एम नैनपुर आशुतोष ठाकुर के द्वारा कहा गया की खेतों में अज्ञात कारण से आग लगती है । स्पार्किंग या अन्य किसी कारण से और जांच के दौरान घटना सही पाई जाती है तो किसान के ऊपर कार्यवाही नही की जाएगी। इसी कड़ी मे किसानों की मांग थी की खेतों मे हार्वेस्टर से कटाई के दौरान डीजल खत्म हो जाता है। हार्वेस्टर और ट्रैक्टरों में तो उन्हें केन मे पेट्रोल पम्प से डीजल दिए जाने हेतु पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिए जाये।

## ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल नैनपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम 26 मार्च को समिति उपसचिव एवं कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र पाठक एवं समिति अध्यक्ष बेनीश्याम खण्डेलवाल की अध्यक्षता में, सचिव जीवन लाल साहू, सदस्य जिनेन्द्र साहू एवं संस्था प्राचार्य प्रवीण नायडू की उपस्थिति में घोषित किया गया। शाला के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्ले नर्सरी, पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों के अभिभावकों को शील्ड और प्रमाण पत्र से सम्मानित एवं पुरूस्कृत किया गया। शाला में प्रत्येक स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले नर्सरी से



छात्र शुभ कुशवाहा पिता बंशीधर कुशवाहा ने 99.84त्न अंक, पूर्व प्राथमिक स्तर के.जी.2 से छात्रा इनाया खान पिता इमरान खान ने 99.75त्न अंक, प्राथमिक स्तर से कक्षा पहली से छात्रा श्रेयांशी नावानी पिता डॉ. रितेश नावानी ने 98.9त्न अंक और कक्षा तीसरी से ओम गिरि गोस्वामी पिता नरेन्द्र गिरि गोस्वामी ने 97.96त्न अंक, माध्यमिक स्तर से कक्षा सातवीं से छात्रा भावना राजपूत पिता सौरम सिंह राजपूत ने 93.2त्न अंक, हाईस्कूल स्तर से कक्षा नवमीं से छात्रा अंशिका नामदेव पिता अनिल कुमार नामदेव ने 94.66त्न अंक, एवं हायर सेकेण्डरी स्तर से कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय से छात्रा लीना नगपुरे पिता दिनेश कुमार नगपुरे ने 88.6त्न अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। संस्था के अध्यक्ष बेनीश्याम खण्डेलवाल ने शाला की कक्षा पांचवीं एवं आटवीं के प्राप्त परीक्षा परिणामों में शत प्रतिशत परिणाम एवं सभी के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के लिये शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं नया सत्र जो आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है, इसमें प्रथम दिवस से ही अपनी उपस्थिति एवं पढ़ाई में अनुशासन रखने पर जोर दिया। सत्र 2025-26 में कुल 24 छात्र-छात्राओं ने शाला में अपनी शत् प्रतिशत उपस्थिति दी। गणित के वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रभारी शिक्षक एस.एन. अय्यर द्वारा पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर स्तर के गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कुल 14 बच्चों को एवं उनके शिक्षकों को पुरुस्कृत किया गया। समारोह के अंत में समिति के सभी सदस्य गण एवं शाला प्राचार्य प्रवीण नायडू. उच्च-उच्चतर विभाग प्रभारी एस. एन. अय्यर माध्यमिक विभाग प्रभारी एम.एम.जायसवाल, प्राथमिक प्रभारी श्रीमति अनिता यादव एवं पूर्व प्राथमिक प्रभारी श्रीमति रेखा रजक ने सभी शिक्षकों को और समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित की तथा निरंतर प्रयासरत् रहने की प्रेरणा दी।

## नगर में सम्राट अशोक महान की मनाई गई जयंती



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्य मार्ग विश्राम भवन के सामने बाबासाहेब की प्रतिमा के समक्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर सम्राट अशोक महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस दौरान सम्राट अशोक अमर हैं जय सम्राट अशोक के गगनभेदी नारे लगाए गये। सभी उपस्थित लोगों ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया ।

संपादकीय

# क्यों पराश्रित है भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान युद्ध के दौरान पहली बार अपने 13 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ विमर्श किया और हालात की समीक्षा की। सरकार देशभर में पेट्रोल-डीजल, गैस, उर्वरक के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर चिंतित है और प्रयास भी कर रही है। यह स्वागतयोग्य आचरण है। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों-सचिवों के समूह बनाने का निर्देश दिया है, ताकि हर स्तर पर समन्वय बरकरार रहे और आम आदमी को न्यूनतम परेशानियां झेलनी पड़ें। आयात और निर्यात के वैकल्पिक स्रोत खंगालने पर भी चर्चा हुई, क्योंकि युद्ध के बाद भी खाड़ी देश, भारत के लिए, अनिश्चित और अस्थिर रहेंगे। खतरे भी बने रहेंगे, लिहाजा वैकल्पिक सप्लाई चेन ही अंतिम रास्ता है। अब भारत ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, अल्जीरिया, नीदरलैंड, नॉर्वे आदि देशों के विकल्प स्थापित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान, इजरायल, मलेशिया, जॉर्डन, ओमान, कतर, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों के राष्ट्राध्यक्षों, शासनाध्यक्षों, किंग, अमीर आदि से फोन पर संवाद किए हैं। जाहिर है कि प्रधानमंत्री ने अपनी चिंताएं और सरोकार साझा किए हैं और बार-बार शांति, स्थिरता, कूटनीति की पैरोकारी की है। फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड, स्पेन, स्विट्जरलैंड सरीखे देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार-प्रमुखों ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार आग्रह भी किया है कि युद्धग्रस्त देशों के दरमियान भारत सफल मध्यस्थता कर सकता है, क्योंकि अमरीका, इजरायल, ईरान भारत के मित्र-देश हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और एक सार्थक लोकतंत्र भी है, लिहाजा भारत की भूमिका सर्वस्वीकार्य है। भारत ब्रिक्स देशों का भी अध्यक्ष है, उस नाते उन देशों को युद्धविराम में महती भूमिका निभाने को भी सहमत कर सकता है।

यकीनन प्रधानमंत्री मोदी को इस संदर्भ में प्रयास जरूर करने चाहिए। बहरहाल प्रधानमंत्री और मंत्रियों ने तमाम विकल्पों पर विमर्श किया होगा। लेकिन सख्त सवाल यह है, कि 147 करोड़ से अधिक आबादी वाला देश, आजादी और संप्रभुता के 78 साल के बाद भी, कच्चे तेल, गैस, उर्वरक के मामले में आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया है? पिद्दी से देशों में तेल-गैस के अपरिमित भंडार हैं, क्या भारत में तेल-गैस के मद्देनजर 'सूखे' की स्थिति है? पेट्रोलियम मंत्रालय लगातार खुलासा कर रहा है कि रसोई गैस के उत्पादन में 40 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। अपनी जरूरतों की 40 फीसदी एलपीजी का उत्पादन भारत करता ही है। यदि एलपीजी उत्पादन में, 20-22 दिन में ही, इतनी बढ़ोतरी की जा सकती है, तो हम अपनी जरूरतों की 70-80 फीसदी गैस तक पैदा कर सकते हैं! सरकार इस पर स्पष्टीकरण जरूर दे। जब 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हुई थी, तब उसने अपने घोषणा-पत्र में लिखा था कि ऊर्जा-सुरक्षा और उत्पादन में व्यापक सुधार किए जाएंगे। आज स्थिति यह है कि भारत को करीब 88.6 फीसदी कच्चा तेल, 60-66 फीसदी गैस और करीब 65 फीसदी खाद आयात करने पड़ते हैं। स्थिति पहले से बदतर ही हुई है। भारत इतना पराश्रित, मोहताज क्यों है कि युद्ध के कारण एक समुद्री मार्ग बंद किया गया, तो देश में गैस को लेकर 'हाय-तौबा' मच गई? बेशक देश में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी का गंभीर संकट है। सरकार भी मानती है कि स्थिति चिंताजनक है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी हमारे संस्कार में है। हम इसे व्यापार का ही हिस्सा मानते रहे हैं। जितने गैस सिलेंडर छापों के दौरान जब्त किए गए हैं, उन 'काली भेड़ों' के खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई की गई है? उन पर 'रासुका' क्यों नहीं लगाया गया?

# मर्यादा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम




ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढ़कर लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रे-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके।

श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मर्यादा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मर्यादा का संकट है-राजनीति में मर्यादा नहीं, समाज में मर्यादा नहीं, परिवार में मर्यादा नहीं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी मर्यादा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मर्यादा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मर्यादा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मर्यादा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की लड़ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है।

श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज रामराज्य के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं।



श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मर्यादाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मर्यादाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के सबसे निम्न माने जाने वाले लोगों को भी सम्मान दिया। केवट, शबरी, जटायु, सुग्रीव, हनुमान-ये सभी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि थे। श्रीराम ने सभी को साथ लेकर संघर्ष किया और विजय प्राप्त की। यह सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक राष्ट्र निर्माण में भी यही सिद्धांत लागू होता है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर ही राष्ट्र शक्तिशाली बन सकता है। केवल आर्थिक विकास से राष्ट्र महान नहीं बनता, सामाजिक समरसता और नैतिक एकता से राष्ट्र महान बनता है।

श्रीराम हमारे कण-कण में समाये हैं, हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग हैं। श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि एक आदर्श राष्ट्र केवल सेना और अर्थव्यवस्था से नहीं बनता, बल्कि चरित्र से बनता है। यदि नागरिक चरित्रवान होंगे, तो राष्ट्र स्वतः शक्तिशाली होगा। आज राष्ट्र शक्ति का अर्थ केवल सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति माना जाता है, जबकि श्रीराम का जीवन बताता है कि नैतिक शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। रावण के पास अधिक सेना, अधिक धन, अधिक विद्या और अधिक शक्ति थी, फिर भी उसकी हार हुई क्योंकि उसके पास नैतिक शक्ति नहीं थी। यह आज के विश्व के लिये बहुत बड़ा संदेश है। आज जब दुनिया अस्तित्व के संकट, पर्यावरण संकट, युद्ध संकट और नैतिक संकट से जूझ रही है, तब श्रीराम का जीवन मानवता को संतुलन का संदेश देता है-शक्ति और शांति का संतुलन, अधिकार और कर्तव्य का संतुलन, भोग और त्याग का संतुलन, राज्य और समाज का संतुलन, परिवार और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन। यही संतुलन ही मानव सभ्यता को बचा सकता है। रामनवमी का पर्व हमें केवल पूजा करने का संदेश नहीं देता, बल्कि श्रीराम के जीवन को अपने जीवन, समाज और राष्ट्र की नीति में उतारने का संदेश देता है। यदि विश्व राजनीति श्रीराम की युद्ध नीति से प्रेरणा ले, यदि लोकतंत्र श्रीराम के सुशासन से प्रेरणा ले, यदि परिवार श्रीराम के पारिवारिक मूल्यों से प्रेरणा ले और यदि समाज श्रीराम की समरसता की भावना से प्रेरणा ले, तो एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम केवल मंदिर बनाएं, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर राम का निर्माण करें। जब व्यक्ति के भीतर राम का जन्म होगा, तभी समाज में रामराज्य आएगा। राम केवल इतिहास नहीं हैं, राम केवल आस्था नहीं हैं, राम मानव सभ्यता के नैतिक भविष्य का नाम हैं। यही रामनवमी का वास्तविक संदेश है।

# दलदल में ट्रम्प



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत ने हमेशा युद्ध संकट का समाधान संवाद और कूटनीति से करने का समर्थन किया है। भारत ने हमेशा समूचे विश्व को शांति का संदेश देते हुए बार-बार कहा है कि यह समय युद्ध का नहीं, भगवान बुद्ध के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथशांतिवार्ता की पहल करने और 5 दिन की युद्ध विराम की घोषणा करने के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन घुमाया और पश्चिम एशिया संघर्ष और होर्मुज को लेकर चर्चा की। ट्रम्प की इस पहल से स्पष्ट है कि वे पश्चिम एशिया के संकट को सुलझाने के लिए भारत को एक विश्वसनीय मित्र के रूप में देख रहे हैं। शायद ट्रम्प को इस बात का अहसास है कि ईरान के साथ युद्ध विराम को सफल बनाना है और तेल की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रखनी है तो भारत की भूमिका सबसे अहम है। ट्रम्प के शांति संकेत देते ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की थी। उसके बाद ट्रम्प की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत हुई। इस कूटनीतिक टाइमिंग के पीछे भारत ने बहुत ही सतर्कता और सूझबूझ से काम लिया। जब अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों और बुनियादी ढांचों को तबाह करने पर आमादा था तब भारत ने वाशिंगटन के सुर में सुर मिलाने से परहेज किया। इसका सीधा कारण यह है कि ईरान के साथ भारत के गहरे ऐतिहासिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध हैं। भारत ईरान के चाबहार पोर्ट का संचालन कर रहा है, जो मध्य एशिया तक पहुंचने के लिए भारत का 'गेटवे' है। इसके अलावा, खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। यदि भारत युद्ध के चरम पर अमेरिका का खुला समर्थन करता तो क्षेत्र में उसके अपने हित खतरे में पड़ जाते। नई दिल्ली शुरू से ही कूटनीति और संवाद के जरिए तनाव कम करने का पक्षधर रहा है, न कि बमबारी का। इसलिए जब तक युद्ध के बादल सबसे ज्यादा घने थे, भारत ने पेंटागन की युद्ध नीतियों से खुद को अलग रखा।

डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान ने अमेरिका कोएक बहुत बड़ा तोहफा दिया है। यद्यपि उन्होंने विस्तार से बताने से साफ इंकार किया लेकिन ऐसे संकेत हैं कि यह तोहफा तेल और गैस से जुड़ा हुआ है। उनके इस बयान के बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या अमेरिका और ईरान के बीच कोई सीक्रेट डील हुई है। आखिर यह तोहफा है क्या जिसने अमेरिका को जंग रोकने की दिशा में इतना बड़ा कदम उठाने को मजबूर कर दिया है। युद्ध के दौरान कई तरह की बयानबाजी की जाती है, जिन पर भरोसा करना मुश्किल होता है। अब सवाल यह है कि क्या पर्दे के पीछे ईरान और अमेरिका में कोई बातचीत चल रही है। यह भी वास्तविकता है कि ट्रम्प युद्ध के दलदल में बुरी तरह से फंस चुके हैं और वह निकलने के रास्ते तलाश रहे हैं। इस युद्ध में अमेरिका को रोजाना 1.38 अरब डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं और 25 दिन की जंग में अमेरिका लगभग 20 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। पैंटागन ने 200 अरब डॉलर से अधिक की राशि और मांगी है। इसे अमेरिकी कांग्रेस यानि संसद से पारित कराना होगा, जिसके पारित होने की उम्मीद कम है। यद्यपि ट्रम्प ने नाटो और यूरोपीय देशों को कायर और कागजी शेर कहा। इसके बावजूद नाटो और सहयोगी देशउनके साथ नहीं आए। किसी ने युद्धपोत नहीं भेजे। कतर में एलएनजी सप्लाई बंद होने से यूरोप में गैस की कीमतें 35 प्रतिशत बढ़ गईं। जापान तक को अपना रणनीतिक भंडार निकालना पड़ा। 9 देशों में 40 ऊर्जा भंडार युद्ध से प्रभावित हुए हैं। वैश्विक तेल आपूर्ति रोजाना 11 मिलियन बैरल घटी है। 66 प्रतिशत अमेरिकी इस युद्ध के खिलाफ हैं और ट्रम्प की लोकप्रियता घटी है।

ट्रम्प का यूटर्न इस बात का संकेत है कि वह युद्ध रोकने के पक्षधर हैं लेकिन इजराइल बेलगाम गुंडे की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरान और लेबनान पर लगातार हमले कर रहा है और ईरान भी अपनी मिसाइलों से तेल अवीव से लेकर यरुशलम तक तबाही मचा रहा है। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर लगातार हमले कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ईरान ट्रम्प के बातचीत के दावों को पूरी तरह से नकार रहा है लेकिन ईरान के राष्ट्रपति द्वारा रखी गई शर्तों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कूटनीतिक गलियारों से छन-छन कर जो खबरें आ रही हैं उनके अनुसार ईरान ने भविष्य में आक्रामकता के खिलाफ गारंटी, बुनियादी ढांचे को हुए नुक्सान की भरपाई और ईरान के वैध अधिकारों की मान्यता शामिल है। ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के तेल पर लगे प्रतिबंधों में एक महीने की ढील दी है। जबकि ईरान का कहना है कि उसके पास अतिरिक्त तेल है ही नहीं तोढील का कोई मतलब ही नहीं है। यद्यपि तुर्की और मिस्र ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कर रहे हैं लेकिन मध्यस्थता के खेल में पाकिस्तान का शामिल होना काफी अखरता है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर उछल-उछलकर बातें कर रहे हैं। आठ-आठ युद्धों को रुकवाने का दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रम्प खुद मध्यस्थ की तलाश में जुटे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाने की बात कही है। ईरान के खिलाफएक लम्बे और महंगे युद्ध का खतरा, तेल की कीमतों में तेज उछाल, गैस संकट और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोगियों के दबाव के कारण ट्रम्प अब स्वयं कायर दादा के तौर पर छवि बना चुके हैं। किसी भी राजनयिक प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को पहले अपने सहयोगी इजराइल पर लगाम लगानी होगी। इजराइल द्वारा अपनाया गया सैन्य मार्ग स्पष्ट रूप से अपनी सीमाएं दिखा रहा है। ट्रम्प के लिए सबसे कम नुक्सानदेह रास्ता ईरान के साथ संवाद कायम कर युद्ध से बाहर निकलना ही दिखाई देता है। उम्मीद कायम है कि कूटनीति के द्वार खुलेंगे और पश्चिम एशिया में शांति का माहौल कायम होगा। आने वाले दिनों में भारत भी शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। देखना होगा बातचीत किस दिशा में जाती है।

# नैरेटिव बनाम राष्ट्र-निर्माण

पवन शर्मा

आज के भारत में ताकत का नैरेटिव जितना ऊँचा होता जा रहा है, दिशा की स्पष्टता उतनी ही कमजोर पड़ती दिख रही है। भारत का वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य महत्वाकांक्षा की कमी से नहीं, बल्कि दिशा की कमी से परिभाषित होता दिखता है। शक्ति, स्थिरता और वैश्विक उभार का नैरेटिव लगातार प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके पीछे नीतियों की संरचना अक्सर बिखरी हुई, प्रतिक्रियात्मक और अत्यधिक केंद्रीकृत नजर आती है। यह अंतर सबसे अधिक विदेश नीति में दिखाई देता है। एक समय भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए जाना जाता था-विभिन्न वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन बनाकर चलना उसकी पहचान थी। आज यह संतुलन कमजोर पड़ता दिखता है। बड़े देशों के साथ संबंधों में असंगत संकेत और पड़ोसी देशों के प्रति अस्थिर दृष्टिकोण, एक प्रकार की दिशा-हीनता को दर्शाते हैं। कूटनीति अब कई बार उच्च-प्रोफाइल बैठकों और व्यक्तिगत छवि तक सीमित होती दिखती है, जबकि दीर्घकालिक रणनीतिक मजबूती का कार्य पीछे छूटता प्रतीत होता है। तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में ऐसी असंगति भारत की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है।

घरेलू स्तर पर, निर्णय लेने की प्रक्रिया का केंद्रीकरण और स्पष्ट हुआ है। जिन संस्थाओं को लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने का दायित्व है, वे अपेक्षाकृत कमजोर नजर आने लगी हैं। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में बहस और असहमति का स्थान होना आवश्यक है, लेकिन आज असहमति को अक्सर बाधा और आलोचना को विरोध के रूप में देखा जाता है। यह प्रवृत्ति आत्मविश्वास का नहीं, बल्कि आलोचना के प्रति असहजता का संकेत है।

आर्थिक क्षेत्र में भी एक मिश्रित तस्वीर सामने आती है। बुनियादी ढांचे और डिजिटल विकास में प्रगति स्पष्ट है, लेकिन इसके समानांतर जमीनी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन एक बड़ी चिंता है। ग्रामीण संकट अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, और छोटे व्यवसाय नीति-परिवर्तनों तथा जटिल प्रक्रियाओं के दबाव में संघर्ष कर रहे हैं। बढ़ती महंगाई आम परिवारों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर करती है। एक स्पष्ट और समावेशी आर्थिक दृष्टि का अभाव दीर्घकालिक स्थिरता पर सवाल खड़े करता है।

इन सभी पहलुओं को देखने पर एक पैटर्न उभरता है-ऐसा शासन जो प्रस्तुति में मजबूत है, लेकिन दिशा में असंतुलित। भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां अवसर और जोखिम दोनों समान रूप से मौजूद हैं। यह तय करेगा कि देश किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

मजबूत नेतृत्व केवल नियंत्रण का नाम नहीं है, बल्कि संतुलन का भी है। यह सुनने, सुधार करने और संस्थाओं को सशक्त बनाने की क्षमता में निहित होता है। किसी भी राष्ट्र का निर्माण केवल धारणा से नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और समावेशी विकास से होता है।

अंततः, शासन का मूल्यांकन उसके दावों से नहीं, बल्कि उसके परिणामों से होना चाहिए। भारत को ऊँची आवाज में किए गए दावों से अधिक, स्पष्ट दिशा, संतुलित नीतियाँ और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

**लेखक परिचय**- पवन शर्मा एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो सामुदायिक पहल और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करते हैं।

# धर्म और जाति को लेकर आए सुप्रीम आदेश के राजनीतिक-सामाजिक मायने

**कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है।**

कमलेश पांडे

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा।

हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गत 23-24 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म (जैसे ईसाई, इस्लाम आदि) में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। इस आदेश से एससी/एसटी आरक्षण लाभ और अत्याचार निवारण अधिनियम का संरक्षण खत्म हो जाता है। दरअसल, यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के आदेश पर आधारित है, जहां एक ईसाई पादरी को एससी/एसटी एक्ट के तहत संरक्षण से वंचित किया गया। क्योंकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 के अनुसार केवल निर्दिष्ट धर्मों के अनुयायी ही एससी लाभ ले सकते हैं। ईसाई या इस्लाम अपनाने पर जातिगत पहचान और लाभ दोनों समाप्त हो जाते हैं।

इस फैसले के अहम राजनीतिक मायने हैं। यह फैसला धर्मांतरण पर आधारित आरक्षण दावों को रोक सकता है, जो दक्षिणपंथी दलों के लिए समर्थन बढ़ाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक आरक्षण बहस (जैसे दलित ईसाई/मुस्लिम) को प्रभावित कर चुनावी राजनीति में हिंदू एकता पर जोर देगा। राज्य सरकारें ओबीसी/एससी सूचियों की समीक्षा के दबाव में आ सकती हैं। वहीं, इस फैसले के बाद धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़ी बहस जोर पकड़ सकती है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आलोक में फैसला दिया है, लेकिन कुछ मसले ऐसे होते है जहां कानून और जमीनी हकीकत आमने-सामने आ जाते हैं। भारत में जाति एक सच्चाई है, जिसे नहीं बदला जा सकता, लेकिन इससे जुड़ी बुराइयों को खत्म करने की तमाम कोशिश होनी चाहिए। जो राजनीतिक और न्यायिक अदूरदर्शिता वश नहीं हो पा रही है और तरह तरह के संवैधानिक विवाद जन्म ले रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय हितों को लगातार धक्का लग रहा है।



जहां तक इस फैसले के सामाजिक प्रभाव की बात है तो धर्म परिवर्तन के बाद एससी/ओबीसी का लाभ न मिलने से सामाजिक न्याय की नीति मजबूत होगी, लेकिन धार्मिक रूपांतरण रोकने या जातिगत अस्मिता पर बहस तेज हो सकती है। चूंकि दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सरकार दलित/ओबीसी हिंदुओं की एकजुटता व समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा और जटिल है। क्योंकि सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? गाहे बगाहे ऐसे मामले सामने आते रहे है, जिनमें दलित या ओबीसी समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता। यहां तक कि कब्रिस्तान में उनके लोगों के शवों को दफनाने के लिए भी अलग जगह है।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत के फैसले का आधार संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 है। जिसका क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते है। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू है। एक, जिन धर्मो में जाति व्यवस्था नही है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते है। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने अनुसूचित जाति से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों।

तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी अनुसूचित जाति समुदाय को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें है और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर उद्देश्य यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। क्योंकि जाति और धर्म का दुरुपयोग होने की चिंता शुरू से ही न्यायिक विमर्श का मुद्दा बनी हुई है। लिहाजा ब्रेक के बाद न्यायदेश मिलते रहते हैं।

**इंद्रा साहनी केस (1992) से इस फैसले का सम्बन्ध**- इंद्रा साहनी केस (1992) मुख्य रूप से ओबीसी आरक्षण पर केंद्रित था, लेकिन हालिया सुप्रीम कोर्ट फैसले (धर्म परिवर्तन पर स्ट दर्जा समाप्ति) से इसका अप्रत्यक्ष संबंध है। दोनों आरक्षण को जाति-आधारित ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने के सिद्धांत साझा करते हैं। इंद्रा साहनी का सार इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी को 27त्न आरक्षण मान्य किया, लेकिन 50त्न कुल सीमा तय की और स्पष्ट किया कि आरक्षण का आधार धर्म या जाति अकेला नहीं हो सकता। क्रीमी लेयर बहिष्कार और पिछड़ापन के सामाजिक-शैक्षिक मापदंड निर्धारित किए गए।

हालिया फैसले से संबंध 2026 के एससी/एसटी फैसले में संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 का हवाला दिया गया, जो इंद्रा साहनी के सिद्धांतों से मेल खाता है कि आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं। ओबीसी मामलों में (जैसे मुस्लिम आरक्षण रद्द), कोर्ट ने इंद्रा साहनी का जिक्र कर धर्म को आधार बनाने से रोका, जो एससी केस की भावना से जुड़ता है। हालांकि, सीधा उल्लेख नहीं मिला, लेकिन सामान्य आरक्षण दर्शन समान है, जिसका सर्वकालिक महत्व जगजाहिर है।

# युद्ध से गहराता जलवायु संकट, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सैन्य गतिविधियों की बड़ी हिस्सेदारी

नई दिल्ली

आज की दुनिया में युद्ध सिर्फ इंसानों की जान और संपत्ति नहीं छीन रहे, बल्कि हमारी धरती के भविष्य को भी गंभीर खतरे में डाल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 5.5 प्रतिशत हिस्सा सैन्य गतिविधियों से आता है। अगर सारी सेनाओं को एक देश मान लिया जाए, तो वे दुनिया के चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक बन जाएंगे।

आधुनिक युद्धों में फाइटर जेट, टैंक, युद्धपोत, मिसाइल और ड्रोन भारी मात्रा में ईंधन जलाते हैं। एक लड़ाकू विमान प्रति घंटा कई टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित कर सकता है।

सैन्य अभ्यास, हथियार निर्माण और लॉजिस्टिक्स भी लगातार ऊर्जा की खपत बढ़ाते हैं। दुर्भाग्यवश, ज्यादातर देश अपनी सैन्य उत्सर्जन रिपोर्टिंग को पारदर्शी नहीं रखते, जिससे असली आंकड़े और भी ज्यादा हो सकते हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ज्वलंत उदाहरण है। अब तक इस संघर्ष से 311 मिलियन टन से ज्यादा कार्बन



डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन हो चुका है। जो कई यूरोपीय देशों के पूरे साल के उत्सर्जन के बराबर है। तेल भंडारण केंद्रों पर हमले, जलते ऑयल वेल्स और औद्योगिक ढांचे की तबाही से हवा, पानी और मिट्टी जहरीली हो जाती है।

युद्ध के दौरान निकलने वाली सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसें पानी के साथ मिलकर एसिड रेन पैदा करती हैं। यह बारिश मिट्टी की उर्वरता घटाती है, फसलों को नुकसान पहुंचाती है और जल स्त्रोतों को दूषित कर देती है।

जलते तेल कुओं से उठने वाला काला धुआं महीनों तक आसमान को ढके रखता है, जिससे सूरज की रोशनी कम हो जाती है और स्थानीय मौसम चक्र बिगड़ जाता है।युद्ध का असर युद्धकाल तक सीमित नहीं रहता। बम, लैंडमाइन और हथियारों के अवशेष मिट्टी और पानी में जहरीले रसायन छोड़ते हैं, जो दशकों तक खेती और पीने के पानी को प्रभावित करते रहते हैं।

समुद्री हमलों से समुद्री जीवन नष्ट होता है, जबकि विस्थापित लोग ईंधन के लिए जंगलों को काटते हैं। पुनर्निर्माण के दौरान भारी निर्माण कार्य फिर से पर्यावरण पर दबाव बढ़ाता है।

जलवायु विशेषज्ञ चेताते हैं कि युद्ध न सिर्फ तत्काल प्रदूषण बढ़ाते हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग को तेज करके मौसम की अनियमितता, सूखा और बाढ़ जैसी घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय जलवायु वार्ताओं में सैन्य उत्सर्जन को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि शांति स्थापना ही सच्चा जलवायु समाधान हो सकता है। जब तक युद्ध जारी रहेंगे, हमारी पृथ्वी का हर कोना प्रभावित होगा। आज की लड़ाई कल के मौसम को और खराब कर रही है।

# ईरान से आर-पार की जंग में अमेरिका खाड़ी में यूएस आर्मी को उतारा

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बारूद की गंध अब और गहरी हो गई है। अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के चार हफ्ते पूरे होने के बाद भी खाड़ी क्षेत्र युद्ध के उस मुहाने पर खड़ा है, जैसा नजारा इराक युद्ध के बाद कभी नहीं देखा गया। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप तेहरान के साथ बातचीत का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ हजारों अमेरिकी सैनिकों का कारवां ईरान की घेराबंदी के लिए बढ़ रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, अब तक ईरान के 9,000 से यादा ठिकानों को निशाना बनाया जा चुका है, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल यूनिट्स से लेकर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के मुख्यालय तक शामिल हैं। तनाव की असली वजह होर्मुज जलडमरूमध्य बनी हुई है। दुनिया के 20 फीसदी तेल व्यापार का रास्ता रोकने की ईरान की कोशिशों के जवाब में अमेरिका ने अब अपनी थल सेना और नौसेना की सबसे घातक टुकड़ियों को मोर्चे पर उतार दिया है।

पेंटागन के इस कदम ने साफ कर दिया है कि अमेरिका केवल हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जरूरत पड़ने पर जमीनी कार्रवाई से भी पीछे नहीं हटेगा।



खाड़ी की ओर बढ़ रही अमेरिकी कुमक में सबसे महत्वपूर्ण ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप है। इसमें अमेरिका का घातक युद्धपोत यूएसएस ट्रिपोली और 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट शामिल हैं। जापान के सासेबो से रवाना हुआ यह बेड़ा 23 मार्च तक डिएगो गार्सिया पहुंच चुका था और मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत तक युद्ध क्षेत्र में तैनात हो जाएगा। ट्रिपोली की खासियत यह है कि यह एक हल्के विमानवाहक पोत की तरह काम करता है, जो एफ-35बी जैसे आधुनिक जेट्स के साथ-साथ मरीन सैनिकों को समुद्र और हवा, दोनों रास्तों से उतारने में सक्षम है।

इसके ठीक पीछे कैलिफोर्निया से यूएसएस बॉक्सर ग्रुप रवाना हुआ है। इसमें 11वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट के 2,200 सैनिक सवार हैं। हालांकि, सैन डिएगो से खाड़ी की 22,200 किलोमीटर की दूरी तय करने में इसे अप्रैल के मध्य तक का समय लगेगा, लेकिन इसकी रवानगी को तय समय से तीन हफ्ते पहले तेज कर दिया गया है। 11वीं मरीन यूनिट का खाड़ी में पुराना और आक्रामक इतिहास रहा है; इसने 1990 के खाड़ी युद्ध और 2004 के इराक अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई थी।



## इजरायल का बड़ा दावा, होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने वाले आईआरजीसी नेवी कमांडर तंगसीरी की मौत

**नई दिल्ली।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसीरी की मौत की खबर ने मध्य पूर्व में तनाव को बढ़ा दी है। इजरायली मीडिया ने एक इजरायली अधिकारी के हवाले से दावा किया है कि अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में बंदर अब्बास में तंगसीरी मारे गए। हालांकि, ईरान की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या टिप्पणी नहीं आई है, और इजरायली सेना ने भी हमले पर चुप्पी साध रखी है। अलीरेजा तंगसीरी 2018 से आईआरजीसी नौसेना के कमांडर के पद पर थे। वे ईरान की नौसेना रणनीति के प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते थे। खासतौर पर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को बंद करने की धमकी और उसकी योजना से उनका नाम जुड़ा था।

# क्या खार्ग द्वीप बनेगा नया युद्धक्षेत्र? ट्रंप की कब्जे वाली रणनीति से भड़का तेहरान

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच मचे घमासान ने अब एक बेहद खतरनाक मोड़ ले लिया है। खाड़ी देशों से आ रही ताजा खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान ने अपने सबसे अहम खार्ग द्वीप को एक अभेद्य किले में तब्दील करना शुरू कर दिया है। यह वही द्वीप है जिसे कब्जाने की योजना ट्रम्प प्रशासन बना रहा है। ईरान ने यहां न केवल भारी तादाद में अतिरिक्त सैन्य बल तैनात किए हैं, बल्कि अमेरिकी सैनिकों के लिए घातक जाल भी बिछाए हैं। अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के हवाले से जानकारी मिली है कि ट्रंप प्रशासन इस छोटे से द्वीप पर जमीनी कार्रवाई करने और इसे अपने नियंत्रण में लेने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। खार्ग द्वीप ईरान के लिए किसी गोल्डन डक से कम नहीं है, क्योंकि ईरान के कुल कच्चे तेल के निर्यात का लगभग 90त्न हिस्सा यहीं से होकर गुजरता है। अमेरिका का मानना है कि इस द्वीप को कब्जे में लेकर वह ईरान को स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज फिर से



खोलने के लिए मजबूर कर सकता है और इसे सौदेबाजी के लिए एक बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की इस संभावित योजना की भनक लगते ही ईरान ने खार्ग द्वीप की सुरक्षा को कई परतों में बांट दिया है। सूत्रों का कहना है कि ईरानी सेना ने द्वीप के चारों ओर और विशेष रूप से समुद्र तट पर भारी मात्रा में एंटी-पर्सनल और एंटी-आर्मर माइन्स (बारूदी सुरंगें) बिछा दी हैं। यह वही इलाका है जहां अमेरिकी सेना अपने उभयचर वाहन उतार सकती है। इतना ही नहीं, ईरान ने पिछले कुछ हफ्तों में यहां कंधे पर रखकर दागी जाने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों की संख्या भी बढ़ा दी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है, तो उसे भारी सैन्य क्षति झेलनी पड़ सकती है। अमेरिकी अधिकारियों ने खुद स्वीकार किया है कि इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिकों की जान जाने का जोखिम बहुत अधिक है। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने खार्ग द्वीप पर ईरान की इन तैयारियों पर कोई भी आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। लेकिन इतिहास देखें तो तनाव पहले ही चरम पर है। 13 मार्च को अमेरिकी सेना ने इसी द्वीप पर भीषण हवाई हमले किए थे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य भारत के लिए खुला है: अब्बास अराघची

नयी दिल्ली, (वार्ता)

ईरान ने भारत और कुछ अन्य मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा, हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है।होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा,हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है। अपने दुश्मनों और उनके सहयोगियों के जहाजों को गुजरने देने का कोई कारण नहीं है। इससे पहले, ऊर्जा आपूर्ति में वैश्विक व्यवधानों और ईंधन की आसमान छूती कीमतों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस जलमार्ग को फिर से खोलने का आह्वान किया था। गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 15-सूत्रीय शांति योजना का उपहास करते हुए उसे खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका और इजरायल खुद से बातचीत कर रहे हैं और ईरान के साथ शांति वार्ता के बारे में श्री ट्रम्प के बयानों को फर्जी बताया।

# जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अधिकारी: योगी

गोरखपुर, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए, सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठाया गया था, जहां मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच पहुंचे और एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश



दिए। जमीन कब्जा और अपराध से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गरीबों की संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्थिति में उन्हें उजाड़ने वालों को बख्शा न जाए। पारिवारिक विवादों के मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने की बात कही। यदि बातचीत से समाधान संभव न हो, तो विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट जल्द तैयार कराकर सरकार को भेजा जाए, ताकि तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलार किया, चॉकलेट दी और आशीर्वाद दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेका।

## बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी, 24 यात्रियों की मौत

**ढाका, (वार्ता)।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चढ़ाये जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही सौहार्द परिवहन की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुँचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई। फायर सर्विस के अधिकारी ताल्हा बिन जासिम ने बताया कि जलमग्न बस के भीतर से 22 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 6 पुरुष, 11 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, कोस्ट गार्ड और सेना की सहायता से बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के खिलाफ सड़कों पर उतरी महिलायें, किया जोरदार प्रदर्शन

वाराणसी, (वार्ता)

ज्योतिषपीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के एक बयान के विरोध में गुरुवार को दलित महिला परिषद ने लमही स्थित मुंशी प्रेमचन्द स्मृति द्वार पर जमकर प्रदर्शन किया। इससे पहले दलित महिला परिषद की नेता खुशी रमन के नेतृत्व में महिलाओं ने मुंशी प्रेमचन्द स्मारक से प्रेमचन्द स्मृति द्वार तक आक्रोश मार्च निकाला। हाथों में तख्तियाँ लिए, भिंची मुट्ठियों के साथ ड्रम की थाप पर नारे लगाती दलित महिलाओं ने शंकराचार्य के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। महिलाओं का आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने हाल ही में एक बयान में दावा किया था कि 10 लाख हिन्दू लड़कियों का विवाह मुस्लिम घरों में करा दिया गया। इस बयान से नाराज दलित महिला परिषद की महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया स्वामी सरकार को पलटने की साजिश रच रहे हैं और आरएसएस को बदनाम करके सेकुलर दलों की तरह हिन्दू धर्म तथा दलित बेटियों को बदनाम करना चाहते हैं। दलित महिला परिषद की नेता खुशी रमन ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 10 लाख हिन्दू बेटियों का विवाह मुसलमानों के घर करवा दिया। इस मामले के सामने आते ही दलित महिलाओं में गहरी नाराजगी फैल गई। खुशी रमन ने कहा कि इन्द्रेश कुमार दलितों के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं, इसलिए स्वामी उन्हें बदनाम कर रहे हैं। कई दलित महिलाएँ इन्द्रेश कुमार को अपना गुरु मानती हैं। महिलाओं ने स्वामी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनसे चुनौती दी है कि यदि उन्होंने 10 लाख हिन्दू लड़कियों के बारे में कहा है, तो कम से कम 10 हजार लड़कियों के नाम बता दें।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# गोवा की गलियों में फिर से अपनी दुनिया बसाएंगी अनुपमा

स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुपमा का किरदार निभा रही रूपाली गांगुली ने मौजूदा ट्रैक के बारे में कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एक बार फिर वह अपनी जिंदगी को नए सिरे से संवार रही है। रूपाली गांगुली ने बताया कि कहानी कैसे आगे बढ़ती है



और दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे वह गोवा में अपना कैफे खोलने के सपने को पूरा करते हुए नई चुनौतियों का सामना करती हैं। रूपाली ने बताया, लीप के बाद अनुपमा की जिंदगी ने एक बिल्कुल अलग मोड़ ले लिया है और अब वह एक नए शहर गोवा में अपनी जिंदगी को फिर से शून्य से शुरू करने की कोशिश कर रही है। वह जो भी काम सामने आ रहा है उसे कर रही है, चाहे वह होटल स्टाफ के रूप में काम करना हो या साफ-सफाई में मदद करना, क्योंकि इस वक्त उसके लिए सर्वाइवल और आगे बढ़ना सबसे ज्यादा मायने रखता है। मेरे लिए यह फेज इसलिए इमोशनल है क्योंकि इतना सब कुछ झेलने के बाद भी अनुपमा ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। रूपाली गांगुली ने बताया कि दर्शकों को क्या देखने को मिलेगा, दर्शक अनुपमा के संघर्ष, उसके अकेलेपन और उसकी उस खामोश ताकत को देखेंगे जो वह इस अंजान शहर में खुद को ढालने के लिए लगा रही है। अनुपमा ने हमेशा किसी न किसी मकसद के जरिए अपनी पहचान बनाई है चाहे वह डांस हो, बस्ती के लिए खड़े होना हो या अनु की रसोई चलाना। और अब गोवा में, वह एक बार फिर कैफे बनाने के अपने सपने के जरिए उसी मकसद की तलाश कर रही है। रूपाली गांगुली ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अनुपमा के इस नाजुक लेकिन उम्मीदों से भरे पहलू को निभाना मेरे लिए बहुत खास है, और मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक उसके इस सफर से जुड़े रहेंगे और इस नए फेज में भी उसे अपना पूरा साथ देंगे।





# 03 जुलाई को रिलीज होगी नागबंधम

अभिषेक नामा के निर्देशन में बनी फिल्म नागबंधम 03 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म नागबंधम में विराट कर्ण, नाभा नतेश, जगपति बाबू और ऋषभ साहनी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।इस फिल्म की रिलीज डेट फाइनल कर ली गयी है। नागबंधम 03 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तरह तैयार है। जो एक शानदार विजुअल और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। मेकर्स लगातार फिल्म के दिलचस्प कैरेक्टर पोस्टर्स और अपडेट्स जारी करके दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म का टीज़र भी रिलीज किया है, जो एक रहस्यमयी और जादुई दुनिया की शानदार झलक दिखाता है, जिसे बड़े पर्दे पर उतारने का वादा किया गया है। भव्य पौराणिक तत्वों, बेहतरीन वीएफएक्स, दमदार बैकग्राउंड स्कोर और किरदारों के असरदार पलों के मेल के साथ, यह टीज़र सिनेमा प्रेमियों के लिए एक शानदार और भव्य विजुअल ट्रीट होने का वादा करता है। यह फिल्म भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है और हमारे देश के गौरवशाली अतीत और स्वर्ण युग से प्रेरित एक कहानी पर आधारित है। नागबंधम की कहानी, स्क्रीनप्ले और निर्देशन की कमान अभिषेक नामा ने संभाली है। फिल्म का निर्माण किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने किया है।

# अक्षय ओबेरॉय वर्ष 2026 की तीन बड़ी फिल्मों का बने हिस्सा

अक्षय ओबेरॉय इस समय अपने करियर के एक बेहद खास दौर से गुज़र रहे हैं, जहां वह 2026 की तीन सबसे चर्चित प्रोजेक्ट्स - टॉक्सिक, किंग और नीरज पांडे की फिल्म का हैं। अक्षय ओबेरॉय ने कहा, यदि आप मुझसे दो साल पहले पूछते कि क्या मैंने ऐसा समय सोचा था, तो मैं ईमानदारी से



'नहीं' कहता। यह इंडस्ट्री आपको हर दिन विनम्र बनना सिखाती है। मैं लंबे समय से यहां हूं, चुपचाप अपना काम करता रहा, प्रक्रिया पर भरोसा रखा, कभी-कभी खुद पर शक भी हुआ, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। आज जब मैं ऐसे मुकाम पर हूं जहां मैं टॉक्सिक, किंग और नीरज पांडे की अगली प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं और लोग सच में उत्साहित हैं, तो यह एहसास बहुत ही खास और भावुक कर देने वाला है। अक्षय ओबेरॉय ने कहा, कहीं न कहीं ऐसा लगता है जैसे ज़िंदगी एक पूरा चक्र पूरा कर चुकी है। फाइटर मेरे लिए सिर्फ प्रोफेशनल नहीं, बल्कि भावनात्मक मोड़ भी था। इसने मुझे याद दिलाया कि मैंने यह रास्ता क्यों चुना था। वहां से टॉक्सिक, फिर किंग, और अब नीरज पांडे जैसे फिल्मकार के साथ काम करना. ये वो पल हैं जिनकी एक अभिनेता खामोशी से उम्मीद करता है, लेकिन कभी उन्हें हल्के में नहीं लेता। मुझे सच में लगता है कि मुझे अब मेरा हक मिल रहा है, वो भी अचानक नहीं, बल्कि सालों की सीख, इंतज़ार और मेहनत के बाद। अक्षय ने अपने सफर को याद करते हुए कहा, ऐसे भी दौर आए जब कुछ आगे बढ़ता हुआ हीं लगता था, जब आप अपने फैसलों पर सवाल करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि वही साल आपको ऐसे पलों के लिए तैयार करते हैं। आज मैं हर मौके के लिए आभारी हूं, उन फिल्मकारों के भरोसे के लिए आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया, और उन दर्शकों का भी शुक्रगुजार हूं जिन्होंने धीरे-धीरे मेरे काम को अपनाया।

# फिल्ममेकर अभिजीत मोहन वारंग की संजय दत्त स्टारर फिल्म 'आखरी सवाल' 15 मई को होगी रिलीज

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर अभिजीत मोहन वारंग की संजय दत्त स्टारर फिल्म 'आखरी सवाल', 15 मई को रिलीज होगी। नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले निखिल नंदा, धनराज नथवानी और संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म आखरी सवाल में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की अहम भूमिका है।संजय दत्त की फिल्म आखरी सवाल की सिर्फ पहली




झलक ही सामने आई थी कि उसने खलबली मचा दी, जिसमें आजादी से पहले के दौर की अनकही सच्चाइयों को पहली बार दिखाया गया है। बढ़ती उत्सुकता के बीच, अब एक नया असरदार पोस्टर जारी किया गया है, जो अपने शानदार विजुअल्स के साथ बहुत कुछ कह रहा है और रिलीज की तारीख 15 मई 2026 का भी खुलासा कर रहा है। आखरी सवाल का यह पोस्टर वास्तव में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है जिसे फिल्म में दिखाया गया है। एक बड़े क्वेश्चन मार्कके बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है- वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है।

# 2026-27 के व्यस्त सीजन में बेंगलुरु में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम वर्ष 2026-27 में घरेलू मैदान पर चार देशों के खिलाफ 17 जगहों पर 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खलेंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय पुरुष टीम आगामी 2026-27 सीजन में अपने घरेलू मैदानों पर 17 जगहों पर 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारत के 2026-27 होम सीज़न का कैलेंडर जारी हो गया है, जिसमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पांचों टेस्ट नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। टीम इंडिया का यह साल काफ़ी वयस्त रहने वाला है। चार देशों की टीमें द्विपक्षीय सीरीज़ खेलने भारत पहुंच रही हैं। दौरे का आगाज़ वेस्टइंडीज़ (27 सितंबर-17 अक्तूबर) से होगा, जिसके बाद श्रीलंका (13-27 दिसंबर), ज़िम्बाब्वे (3-9 जनवरी) और आखिर में ऑस्ट्रेलिया (21 जनवरी-7 मार्च) की चुनौती होगी।



**ज़िम्बाब्वे पूरे 24 साल बाद भारत की सरज़मीं पर**-ख़ास बात यह है कि ज़िम्बाब्वे की टीम पूरे 24 साल बाद भारत की सरज़मीं पर कोई द्विपक्षीय सीरीज़ खेलने उतरेगी। इसके अलावा, बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट की रौनक लौटेगी।

पिछले साल जून में यहां मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद से यहां कोई बड़ा मैच नहीं हुआ। अब 17 अक्तूबर को कैरेबियाई टीम और 16 दिसंबर को श्रीलंकाई टीम के खिलाफ होने वाले मैचों से इस मैदान की वापसी होगी।

**दिल्ली में होने वाला वन-डे भी सुर्खियों में** -बेंगलुरु के साथ-साथ गुवाहाटी, हैदराबाद, रांची और अहमदाबाद को इस सीज़न में दो-दो मैचों की मेजबानी मिली है। गुवाहाटी का मैदान पिछले साल नवंबर में अपना पहला टेस्ट आयोजित करने के बाद अब लगातार दूसरे साल लाल गेंद के क्रिकेट की मेज़बानी के लिए तैयार है। दिल्ली में 13 दिसंबर को होने वाला वनडे भी सुर्ख़ियों में है। सर्दियों में यहां स्मॉग और प्रदूषण की समस्या खिलाड़ियों के लिए मुश्किल खड़ी करती रही है, जैसा 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में देखा गया था। यही वजह है कि बोर्ड ने पिछले साल की तरह इस बार भी शेड्यूल में अदला-बदली की है ताकि दिल्ली में दिवाली के प्रदूषण के समय मैच न हो। दूसरी ओर कोलकाता और मुंबई के ऐतिहासिक मैदानों पर ज़िम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मुक़ाबले खेले जाएंगे।

### भारत का 2026-27 घरेलू कार्यक्रम

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ तीन वनडे: तिरुवनंतपुरम (27 सितंबर), गुवाहाटी (30 सितंबर), न्यू चंडीगढ़ (3 अक्टूबर)

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पांच टी20: लखनऊ (6 अक्टूबर), रांची (9 अक्टूबर), इंदौर (11 अक्टूबर), हैदराबाद (14 अक्टूबर), बेंगलुरु (17 अक्टूबर)

श्रीलंका के खिलाफ तीन वनड: दिल्ली (13 दिसंबर), बेंगलुरु (16 दिसंबर), अहमदाबाद (19 दिसंबर)

श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20: राजकोट (22 दिसंबर), कटक (24 दिसंबर), पुणे (27 दिसंबर)

ज़िम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनड: कोलकाता (3 जनवरी), हैदराबाद (6 जनवरी), मुंबई (9 जनवरी)

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट: नागपुर (21-25 जनवरी), चेन्नई (29 जनवरी-2 फ़रवरी), गुवाहाटी (11-15 फ़रवरी), रांची (19-23 फ़रवरी), अहमदाबाद (3-7 मार्च)



# सीएसके और एमआई दूसरे चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगे

**मुंबई (वार्ता)।** पांच बार की दो चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 के दूसरे चरण में दो बार आमने-सामने होंगी, जो 13 अप्रैल से शुरू होगा। एसआरएच और आरआर इस फेज़ की शुरुआत हैदराबाद में करेंगे, जबकि आईपीएल की दो बड़ी टीमें सीएसके और एमआई 23 अप्रैल को मुंबई में और 2 मई को चेन्नई में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के इस फेज में आठ डबल-हेडर होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दूसरे फेज का शेड्यूल अनाउंस किया। बाकी लीग स्टेज, जिसमें 50 मैच हैं, 13 अप्रैल से 24 मई तक भारत में 12 जगहों पर खेले जाएंगे। दूसरे फेज के मैच बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में होंगे। जैसे ही टूर्नामेंट एक अहम फेज में आ रहा है, टीमें प्लेऑफ़ में जगह बनाने के लिए अलग-अलग जगहों पर मुकाबला करेंगी, और लीग स्टेज के दूसरे हिस्से में यह रेस और तेज होने की उम्मीद है। 13 अप्रैल, 2026 को एक्शन फिर से शुरू होगा, जिसमें हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा, जिससे रोमांचक मैचों का माहौल बनेगा। फैंस टूर्नामेंट के एक रोमांचक फेज़ की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि लीग स्टेज के आखिरी हफ़्तों से पहले टीमें जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगी। दूसरे फेज़ में आठ डबल-हेडर होंगे, जिसमें दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

पंजाब किंग्स अपने होम मैच न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी, जिसमें इस फेज के दौरान धर्मशाला में तीन मैच शामिल हैं। राजस्थान रॉयल्स जयपुर में चार होम गेम होस्ट करेगी, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बेंगलुरु में तीन और रायपुर में दो होम मैच खेलेगी।प्लेऑफ़ के वेन्यू की घोषणा बाद में की जाएगी।

# कर्नाटक के तैराक मणिकांत एल ने जीता तीसरा स्वर्ण पदक



**रायपुर (वार्ता)।** कर्नाटक के मणिकांत एल ने गुरुवार को यहां खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन 200 मी. तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना लगातार तीसरा स्वर्ण जीता, जबकि ओडिशा की अंजली मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। आज यहां मेजबान छत्तीसगढ़ की एथलीट अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मी. इंडिविजुअल मेडले रेस में दूसरा स्थान हासिल करके अपने पदकों की सूची में एक और रजत पदक जोड़ा। मणिकांत ने अपना दबदबा बनाए रखा और 200मी. इंडिविजुअल मेडले रेस 2:25.93 के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा 2:34.04 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कान्हू सोरेन (ओडिशा) ने 2:36.21 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। अंजली ने महिलाओं की 200मी. इंडिविजुअल मेडले रेस 2:53.82 के समय में जीतकर स्वर्ण अपने नाम किया।

# सुनीत चौरसिया ने जीती अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप

पटना (वार्ता)। सुनीत चौरसिया ने चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की घोषणा की और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन के चौथे इवेंट, अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में कड़ी मेहनत से एक शॉट से जीत हासिल की। इस 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली चैम्पियनशिप का आयोजन पटना गोल्फ क्लब ने किया था। कोलकाता के सुनीत चौरसिया (71-65-73), जो महान एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं, जो रात भर तीन शॉट से आगे थे, ने तीसरे और आखिरी राउंड में लगातार 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता, क्योंकि उन्होंने इस हफ्ते कुल सात-अंडर 209 का स्कोर किया।



इकतीस साल के सुनीत को इस जीत से 3,17,875 रुपये का प्राइज मनी चेक मिला, जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ़ मेरिट में 41वें नंबर से छठे नंबर पर आ गए। बिपिन मुखिया (68-75-67) ने पिछले दिन का बेस्ट स्कोर 67 बनाया, जिससे उन्हें चार स्पॉट का फायदा हुआ और वह सिक्स-अंडर 210 के साथ रनर-अप रहे। बिपिन के दूसरे नंबर पर रहने से उन्हें 2,67,875 रुपये का चेक मिला, जिससे वह नेक्सजेन मेरिट लिस्ट में सातवें से पहले नंबर पर आ गए, क्योंकि उनके इस सीज़न की कमाई 5,28,688 रुपये हो गई। दिवेश राणा (68), विनय कुमार यादव (72) और राजेश कुमार गौतम (74) ने तीन-अंडर 213 के साथ संयुक्त तीसरा स्थान हासिल किया। पटना के प्रोफेशनल्स में एमडी नवाब ने वन-ओवर 217 के साथ 13वां स्थान हासिल करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।

# पेगुला को हराकर रायबाकिना मियामी ओपन के सेमीफानल में



**फ्लोरिडा (अमेरिका)(वार्ता)** एलेना रायबाकिना ने जेसिका पेगुला को लगातार पांचवीं बार हराकर मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर यह मुकाबला जीता। 32 वर्षीय पेगुला ने पहले सेट में 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन रायबाकिना ने जोरदार वापसी की। उन्होंने 15 ऐस लगाए और 10 में से आठ ब्रेक पॉइंट बचाकर जीत हासिल की। सेमीफाइनल में रायबाकिना का मुकाबला दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। मुकाबला जीतने के बाद 26 वर्षीय रायबाकिना ने कहा, जेसिका के खिलाफ खेलना हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने अच्छी शुरुआत की थी, और मैं जल्दबाज़ी कर रही थी और निराश भी थी, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं वापसी करने में कामयाब रही और दूसरे सेट में मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया। दूसरे सेमीफ़ाइनल में अमेरिकी चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी कोको गॉफ और चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा आमने-सामने होंगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत करियादण्ड**
**जनपद पंचायत किरनापुर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत करियादण्ड, जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे। नोटः जीएसटी बिल वाले ही कोटेशन डालें।

श्रीमति सरोजनी राजेश पांचे (सरपंच) | अर्जून बाहे (सचिव) | देवेन्द्र रहांगडाले (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत करियादंड़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द**
**जनपद पंचायत किरनापुर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द, जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 की अवधि के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, जीरामजी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बल्प, पुल-पुलिया, पाईप, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं पंखे, डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, फोंसिंग पोल, तार, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री आदि क्रय हेतु तथा इससे संबंधित उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, सेटरिंग, मिट्टी, मुरम,रेत, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री के लिए निविदा प्रकाशन तिथि से 02.04.2026 तक सीलबंध लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता का फर्म रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द में जमा कर सकते हैं। नोटः जीएसटी बिल वाले ही कोटेशन डालें।

श्रीमति योगिता तरवरे (सरपंच) | श्यामू पांचे (सचिव) | रेखा पटले (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डे**
**जनपद पंचायत किरनापुर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुंडे, जनपद पंचायत किरनापुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) में जी राम जी योजना, 15 वॉ वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, परफारमेन्टन ग्रांट फण्ड, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी है। उन कार्यों के लिए दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होंगा। जिसमे सामग्रीः रेत, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, वाई- वेटर, रोलर, पेबर मानक (गट्टू), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, इलेक्ट्रिक सामग्री, नल जल सामग्री, पानी टैंकर, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना है।

हुमेश पटले (सरपंच) | युगराज दासरे (सचिव) | भरत चौधरी (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुण्डे

**कार्यालय ग्राम पंचायत नेवरगांव कला**
**जनपद पंचायत किरनापुर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत नेवरगांव कला, जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक )के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे। नोटः जीएसटी बिल वाले ही कोटेशन डालें।

संदीप नेवारे (सरपंच) | गणेश कावरे (सचिव) | विकेश बावनकर (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नेवरगांव कला

**कार्यालय ग्राम पंचायत समनापुर**
**जनपद पंचायत बिरसा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत समनापुर, जनपद पंचायत बिरसा अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे। नोटः जीएसटी बिल वाले ही कोटेशन डालें।

श्रीमती सोमकली सैयाम (सरपंच) | धनेन्द्र डहरवाल (सचिव)

रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत समनापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नैतरा**
**जनपद पंचायत बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत नैतरा, जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27(1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, विधायक निधि, पीएम अव सरंचना, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे।

संतोष लिल्हारे (सरपंच) | लिखेन्द्र पारधी (सचिव) | अवलेश बिरनवार (रोजगार सहायक)

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नैतरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुरवाही**
**जनपद पंचायत बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत सुरवाही, जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 की अवधि के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, जीरामजी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बल्प, पुल-पुलिया, पाईप, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं पंखे, डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, फोंसिंग पोल, तार, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री आदि क्रय हेतु तथा इससे संबंधित उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, सेटरिंग, मिट्टी, मुरम,रेत, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री के लिए निविदा प्रकाशन तिथि से 02.04.2026 तक सीलबंध लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता का फर्म रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत सुरवाही में जमा कर सकते हैं।

श्रीमती मोहिनी जितेन्द्र चौधरी (सरपंच) | चन्द्रशेखर लिल्हारे (सचिव) | अजय लिल्हारे (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सुरवाही

**कार्यालय ग्राम पंचायत अलना**
**जनपद पंचायत बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अलना, जनपद पंचायत बैहर में वितीय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) में जी राम जी, 15 वॉ वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, परफारमेन्टन ग्रांट फण्ड, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी है। उन कार्यों के लिए दिनांक 27/03/2026 से 02/04/2026 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होंगा। जिसमे सामग्रीः रेत, गिट्टी 20- 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, सेनेटरी वेंडिंग मशीन, वाई-वेटर, रोलर, पेबर मानक (गट्टू), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, इलेक्ट्रिक सामग्री, नल जल सामग्री, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना हैं।

श्रीमती भारती मरकाम (सरपंच) | सुरपत पन्द्रे (उप सरपंच) | सुमन सैयाम (सचिव) | झनक लाल धुर्वे (रोजगार सहायक)

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अलना

**कार्यालय ग्राम पंचायत बकेरा**
**जनपद पंचायत वारासिवनी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत बकेरा, जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 की अवधि के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, जीरामजी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बल्प, पुल-पुलिया, पाईप, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं पंखे, डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, फोंसिंग पोल, तार, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री आदि क्रय हेतु तथा इससे संबंधित उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, सेटरिंग, मिट्टी, मुरम,रेत, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री के लिए निविदा प्रकाशन तिथि से 02.04.2026 तक सीलबंध लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता का फर्म रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत बकेरा में जमा कर सकते हैं।

श्रीमति सरिता बिसेन (सरपंच) | धनलाल बिसेन (सचिव) | प्रताप बिसेन (उप सरपंच)

रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बकेरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत धापेवाड़ा**
**जनपद पंचायत बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत धापेवाड़ा, जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) के लिए अति स्टाम्प शुल्क मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचेरा में एवं विधायक निधी, 15 वां वित्त, जी राम जी, 5 वां वित्त आयोग एवं अन्य योजना से कराये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्य के लिए सामग्री क्रय किया जाना हैं। अतः निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री रेत, गिट्ट 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12-16 एमएम, ईट, सिमेंट, मिट्टी, सेटरिंग, खराड़ी मुरूम, वाईब्रेटर, मिक्सर मशीन, ट्राली, पेवर ब्लाक, पीवीसी पाईप, बिजली पिटिंग, पाईप लाईन विस्तारीकरण सामग्री, पानी टेंकर एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक सप्लायर कोटेशन प्रस्तुत कर सकता है। निविदा प्रकाशित होने के एक सप्ताह के भीतर सीलबंद लिफाफे में सामग्री प्रदाय कर सहित कोटेशन ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

पंकज माहुले (सरपंच) | संतोष बाविसताले (सचिव) | राजेन्द्र बनोटे (रोजगार सहायक)

रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत धापेवाड़ा

**कार्यालय ग्राम पंचायत अंसेरा**
**जनपद पंचायत वारासिवनी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अंसेरा, जनपद पंचायत वारासिवनी में वितीय वर्ष 2026-27(1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) में जी राम जी योजना, 15 वॉ वित्त आयोग, 5 वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि, परफारमेन्टन ग्रांट फण्ड, ग्राम पंचायत के अन्य योजना के तहत कार्य विभिन्न कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी है। उन कार्यों के लिए दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक मोहर बंद लिफाफे में निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में लाकर जमा करा सकते हैं। निविदा के समय में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होंगा। जिसमे सामग्रीः रेत, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, सीमेन्ट, लोहा, ईट, बजरी, मिक्सर मशीन, वाई- वेटर, रोलर, पेबर मानक (गट्टू), सेंट्रिंग, कुर्सी, पेंट, इलेक्ट्रिक सामग्री, नल जल सामग्री, पानी टैंकर, स्टेशनरी एवं पंचायत में लगने वाले अन्य सामग्री क्रय किया जाना है।

श्रीमती सुनिता सुर्यपाल मानेश्वर (सरपंच) | भागचंद ठाकरे (सचिव) | रामसिंह ठाकरे (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अंसेरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत कावेली**
**जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 26/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत कोवली, जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक )के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए

श्रीमती रेखा टेकाम (सरपंच) | सुरेश पुषाम (उपसरपंच) | सुनिल कुमार मानेपुरे (सचिव) | श्रीमती अनिता पटले (रोजगार सहायक)

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कावेली

अफवाहों से मचा हड़कंप

# हटा में पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, टंकी फुल कराने लगी होड़



हटा (स्वतंत्र मत)।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-अमेरिका और इज़रायल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों ने गुरुवार को हटा नगर में अचानक चिंता का माहौल बना दिया। संभावित ईंधन कमी की अफवाहों ने ऐसा असर दिखाया कि सुबह होते ही शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और टंकी फुल कराने की होड़ मच गई। नगर के प्रमुख पेट्रोल पंप राय पंप, चौरसिया पंप, यादव पंप और हजारी पंप पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। कई लोग ड्रम और कैन लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे जिससे कुछ समय के लिए अव्यवस्था जैसी स्थिति बन गई। बाइक और कार चालकों की लंबी कतारों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर भी ट्रैफिक का दबाव बढ़ा दिया। स्थिति केवल हटा तक सीमित नहीं रही। आसपास के कस्बों पटेरा, रनेह और बटियागढ़ में भी पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। सोशल मीडिया पर तेजी से फैली खबरों ने लोगों की चिंता और जल्दबाजी को और बढ़ा दिया।

### प्रशासन ने किया स्पष्टः ईंधन की कोई कमी नहीं

मामले को लेकर प्रशासन ने तुरंत स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। नागरिकों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें ताकि अनावश्यक भीड़ और व्यवस्था पर दबाव न बढ़े।

यह पूरा घटनाक्रम एक बार फिर दिखाता है कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें कितनी तेजी से जनजीवन को प्रभावित कर सकती हैं। प्रशासन ने लोगों से संयम और जागरूकता बरतने की अपील की है।

## डीजल पेट्रोल न मिलने से किसानों में आक्रोश पेट्रोल पंपों पर मचा हड़कंप

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** अमेरिका-इजरायल-ईरान के मध्य युद्ध होने से भारत की मूलभूत आवश्यकताओं पर प्रभाव दिखने लगा है। अभी कुछ दिनों से घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर लेने में लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब डीजल पेट्रोल की किल्लत से आमजन और किसान काफी परेशानियों में है। जैसा कि आप सभी को पता है मार्च अप्रैल महीने में रवि की फसल कटना शुरू हो जाती है और ऐसे में किसानों को हार्वेस्टर, थ्रेसर, जनरेटर इत्यादि वाहनों में डीजल की आवश्यकता होती है। परंतु डीजल पेट्रोल की किल्लत से उनके कामों में मंदी की स्थिति देखने को मिल रही है। और कई किसानों के काम तो ठप होते दिखाई दे रहे है। जिससे किसानों में आक्रोश है और लगातार संवेदनशील स्थिति बनी हुई है। वहीं जब पेट्रोल पंप के बाहर संभागीय सेल्स ऑफीसर से बात करनी चाही तो वह बिना बात किए ही वहां से भाग निकले इसका सीधा सा अर्थ है संबंधित अधिकारी के पास स्वयं ही लोगों और मीडिया के सवालों के जवाब नहीं है। मौजूदा सरकार और अधिकारियों का पेट्रोल डीजल की कमी से इनकार किया जा रहा है। इसी बीच दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने एक वीडियो वायरल कर बताया था कि स्टॉक की कोई कमी नहीं है लोग अफवाहों से बचे।





## टेट परीक्षा के विरोध में अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा दिया गया ज्ञापन

हटा (स्वतंत्र मत)।

समस्त अध्यापक शिक्षक साथियों द्वारा हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक को सामूहिक रूप से टेट परीक्षा के विरोध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में महत्वपूर्ण रूप से मांग रखी गई कि सरकार टेट परीक्षा के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा का आयोजित करने जा है जो कि न्याय संगत नहीं है। इसके विरोध में सभी शिक्षक साथी जो टेट परीक्षा से पीड़ित हैं एवं सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एवं अन्य शिक्षक साथियों ने मिलकर विधायक को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग रखी है कि सरकार टेट परीक्षा के संबंध में पुनर्विचार याचिका दायर करें क्योंकि परीक्षा न्याय संगत नहीं है जो शिक्षक साथी 20 वर्षों से लगातार अध्यापन कार्य करा रहे हैं और अपनी नियुक्ति के समय सरकार की सेवा शर्तें के आधार पर एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर पात्र होने के बाद शिक्षक पद पर भर्ती हुए थे। आज 20 से 28 वर्षों बाद उनसे पुनः पात्रता साबित करने के लिए टीईटी परीक्षा क्यों ली जा रही है। यह न्याय संगत नहीं है सरकार तुरंत टेट परीक्षा के संबंध में जारी आदेश स्थगित करें विधायक उमादेवी खटीक ने संवर्ग को आश्वस्त किया है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र ज्ञापन सहित भेजा जाएगा।

संघ ने कहा यदि सरकार हमारी इस मांग को गंभीरता पूर्वक नहीं लेती है तो आगामी समय में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस संबंध में 12 अप्रैल को समस्त संगठनों के माध्यम से भोपाल में वृहद कार्यक्रम रखा गया है जिसमें लाखों शिक्षक भोपाल पहुंचकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे।

ज्ञापन की प्रक्रिया में अजेंद्र सिंह राजपूत मुकेश सराफ जितेंद्र सिंह राजपूत सुनील सोनी एम एल अहिरवार मुलायम सिंह पटेरा दिनेश प्यासी महेंद्र पटेल रोहणी तंतुवाय श्यामसुंदर प्यासी निमीराज सिंह प्रीतम गोस्वामी योगेश सोनी महेंद्र प्यासी जितेंद्र प्यासी आनंद पटेल सुनील पाठक संदीप सोनी निशांत छीरोलिया गणेश शर्मा राकेश दुबे सुरेश कुसमरिया वीरेंद्र पटेल देवेंद्र सिंह श्रीमती मनीषा प्यासी बीना अवस्थी विनीता श्रीवास्तव शोभना जैन पूजा असाटी उमा कोरी सहित सैकड़ों अध्यापक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ उत्सव का आयोजन



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला पूर्व शिक्षा पूर्ण करने के बाद 5-6 वर्ष के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर न केवल पोषण अपितु 3-6 आयुवर्ग के बच्चों के साथ खेल आधारित शिक्षण द्वारा विकास के पांचों आयामों पर कार्य किया जाता है। बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक व नैतिक और रचनात्मक विकास शामिल है।

विद्यारंभ उत्सव का उद्देश्य बच्चों के सीखने-सिखाने के क्रम को समुदाय और अभिभावकों के साथ साझा करना और बच्चों के स्कूल प्रवेश हेतु प्रमाण पत्र वितरित करना रहा। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 18 में कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड के पार्षद अमर सिंह राजपूत परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर मैडम, पर्यवेक्षक जय देवी मैडम, रामा ठाकुर मैडम, अजीम प्रेमजी की मैडम जितेश कार्यकर्ताएं किरण तिवारी कल्पना सैनी ज्योति ठाकुर कमल ठाकुर राजकुमारी गुप्ता पुष्पा ठाकुर रही।

जनप्रतिनिधि संदीप पथरोल, कल्पना पथरोल, रेखा ठाकुर, मीरा रैकवार, आरब हर्षाली, सत्यम, आरव सिंह ठाकुर राजकुमारी ठाकुर उपस्थित रहे।

## पथरिया एवं बटियागढ़ में एक-एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन की मिली स्वीकृति : पटेल

**दमोह।** राज्यमंत्री लखन पटेल ने बताया कि जिले के पथरिया और बटियागढ़ में एक-एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई भवन निमार्ण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि आईटीआई पथरिया में 6 ट्रेड के साथ आईटीआई भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 30-30 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन बनाए जाएंगे। परिसर में 1 एफ टाइप, 2 एच टाइप और 4 आई टाइप आवासीय क्वार्टर भी निर्मित किए जाएंगे। इस पूरे निर्माण कार्य पर लगभग 14 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी प्रकार आईटीआई बटियागढ़ में भी 6 ट्रेड के साथ आईटीआई भवन का निर्माण प्रस्तावित है। यहां भी 30-30 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन के साथ 1 ए टाइप, 2 एच टाइप और 4 आई टाइप आवासीय क्वार्टर बनाए जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 14 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इन दोनों आईटीआई संस्थानों के भवनों के निर्माण से युवाओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिससे रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा।

### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)
### // निविदा सूचना //

क्रमांक-969/ई-टेंडर/नं.पा.नि./2026 — रीवा, दिनांक 25/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_494616_1 26.03.2026 (FIRST CALL) 966/25.03.026 | जोन क्रमांक 04 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-26 में चित्रभान सिंह जी के घर से अतुल सिंह के घर होते हुए कामांडेंट बंगला गुढ़ मुख्य मार्ग नाला तक आरसीसी नाली निर्माण का कार्य। | 04 माह रु. 47.48 लाख | रु. 5000.00 रु. 35610.00 | 27.04.2026 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2026_UAD_494617_1 26.03.2026 (FIRST CALL) 967/25.03.026 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-26 में बाणसागर कॉलोनी पोखरी टोला रोड से पूर्व निर्मित नाला तक आरसीसी नाली निर्माण का कार्य। | 04 माह रु. 31.33 लाख | रु. 5000.00 रु. 23498.00 | 27.04.2026 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2026_UAD_494618_1 26.03.2026 (FIRST CALL) 968/25.03.026 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-44 में गड्डी मुख्य मार्ग से इंद्रपाल सोनी जी के घर होते हुए लक्ष्मा बाग मुक्तिधाम पुराने नाला तक आरसीसी नाला निर्माण का कार्य। | 04 माह रु. 34.82 लाख | रु. 5000.00 रु. 26115.00 | 27.04.2026 18:00 बजे तक। |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपाल यंत्री (जोन क्रमांक-04)**
**नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

## शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक में युवाओं के भविष्य को संवारने और उन्हें सुरक्षा सेवाओं में रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के 4000 युवक-युवतियों को सेना पुलिस एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय होगा जिसकी अवधि 40 दिन निर्धारित की गई है। सरकार ने प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान किया है। पुरुष अभ्यर्थियों को 1000 रूपए प्रति माह तथा महिला अभ्यर्थियों को 1100 रूपए प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।



## संस्कार भवन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति दमोह द्वारा प्रतिमाह सुंदरकांड कि श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती प्रभा प्रकाश असाटी एवं श्रीमती रानी विट्ठल असाटी के सौजन्य से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं महिला समिति द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार एवं मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात असाटी समाज की बहनों के द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात सभी बहनों ने हनुमान चालीसा के माध्यम से पवन पुत्र हनुमान की स्तुति की। साथ ही मां जगदंबे की सुमधुर भजनों का गायन कर पूरे माहौल को भक्ति और आनंद से सराबोर कर दिया। इसी दौरान समाज की नौ बहनों द्वारा मां जगदंबे की भव्य आरती की गई।

## जिले की 37 मदिरा दुकानों के ऑनलाइन टेण्डर आज

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले में निष्पादन से शेष बचे 16 मदिरा समूहों में सम्मिलित 37 मदिरा दुकानों का निष्पादन समूहवार एवं पृथक-पृथक ऑनलाईन ई टेण्डर एवं ई टेण्डर कम ऑक्शन द्वारा आज 27 मार्च को दोपहर 12:05 बजे से किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया इच्छुक आवेदक 27 मार्च को दोपहर 12 बजे तक अपने ऑफर ऑनलाईन सबमिट कर सकते है। टेण्डर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिला आबकारी कार्यालय दमोह से प्राप्त की जा सकती है।

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.पी. कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एल.आई.जी. -16 श्री राजकुमार शर्मा पिता श्री ओमकार प्रसाद शर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16.10.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राजकुमार शर्मा पिता श्री ओमकार प्रसाद शमा ने पंजीकृत दान पत्र दिनांक 05.12.2022 के माध्यम से श्री प्रशांत शर्मा पिता श्री ओमकार प्रसाद शर्मा को दान किया है। श्री प्रशांत शर्मा पिता श्री ओमकार प्रसाद शर्मा द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित मे वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तातरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा नगर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक Jr. LIG-184 श्री किशन लाल साहू पिता श्री पूरन लाल साहू के नाम आवंटित है, को आंवटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनाक 24.05.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री किशन लाल साहू पिता श्री पूरन लाल साहू ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.03.2022 के माध्यम से श्री दिलीप कुमार पटेल पिता स्व. श्री निरंजन पटेल को विक्रय किया है। अत श्री दिलीप कुमार पटेल पिता स्व श्री निरंजन पटेल द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कांचघर कालोनी जबलपुर में श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के द्वारा काचघर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एफ-7 के हस्तातरण /नामातरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है वर्तमान में उक्त भवन श्रीमती नीलम शर्मा पति स्वश्री अशोक दत्त के नाम पर आवंटित है। श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्री कुमार संजीत पिता श्री प्रताप कुमार के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है यदि किसी व्यक्ति, सस्था आदि को उपरोक्त हस्तातरण (भवन / मूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण एव स्वय उपस्थित होकर एव पंचीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर कांचघर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमाक एफ- 7 श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के नाम हस्तातरण / नामातरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कांचघर कालोनी जबलपुर में श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के द्वारा काचघर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एफ-8 के हस्तांतरण /नामातरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है वर्तमान में उक्त भवन श्री आशीष दत्त पिता स्व श्री अशोक दत्त के नाम पर आवंटित है. श्री कुमार संजीत पिता श्री प्रताप कुमार के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोका हस्तातरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण एव स्वय उपस्थित होकर एव पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर कांचघर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमाक एफ 8 श्री कुमार सजीत पिता श्री प्रताप कुमार के नाम हस्तातरण / नामातरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

## रामराज्य वाहन संगठन द्वारा हटा में निकाली गई चार पहिया वाहन रैली



**हटा (स्वतंत्र मत)।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर रामराज्य वाहन संगठन हटा द्वारा नगर में विशाल चार पहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत ककराई स्थित हनुमान ताल मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई जहां से जय श्रीराम के जयघोष के बीच वाहन रवाना हुए। यह रैली ककराई हनुमान ताल मंदिर से निकलकर खचना नाका, अधियारा बगीचा, मंदिर-मस्जिद चौराहा, बड़ा बाजार, रतन बजरिया, चांडी जी मंदिर,अग्रवाल पेट्रोल पंप, नायक तिगड्डा, राय चौराहा और दाल मिल होते हुए पुनः आयोजन स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रैली का स्वागत किया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

रैली में शामिल वाहनों को भगवा ध्वजों से सजाया गया था, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिसमें में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग इस आयोजन में शामिल हुए और पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजन स्थल पर पहुंचकर प्रसाद वितरण किया गया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी सहयोगियों एवं सहभागी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन लीज नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के नाम पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी 1087 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री मुरलीधर रोहना पिता श्री साधुराम सिन्धी के नाम पर आवंटित है। श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इद्रजीत विश्वकर्मा का नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी 1087 श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के नाम हस्तातरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के द्वारा पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी 1088 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री नवीन जगतानी पिता श्री हीरा जगतानी के नाम पर आवंटित है। श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्रीमती सुनीता देवी पति श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी 1088 श्रीमती सुनीता देवी पति इन्द्रजीत विश्वकर्मा के नाम हस्तातरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003
### भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 456 श्रीमति रेखा राय पति श्री मनोहर राय के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/08/2024 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती रेखा राय पति श्री मनोहर राय ने पंजीकृत विक्रय दिनांक 3/11/2025 के माध्यम से श्री प्रशांत कुमार तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी को विक्रय किया है। अतः श्री प्रशांत कुमार तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/ (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2025-26
दिनांक 25/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनय यादव पिता मोतीलाल यादव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक एस.एफ. 08 आकांक्षा अपार्टमेंट बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375169 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित तृतीय तल 500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अशोक कुमार करयार पिता बिहारीलाल करयार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2025-26
दिनांक 26/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति स्मिता भारती पति श्री मनीष भारती ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानीलक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक PEE.55P.55.B.K. एम्पायर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004061810 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 813 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 760 व.फु. प्रथम तल 760 व.फु. द्वितीय तल 100 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती पूनम सिंह पति श्री जय प्रकाश का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर






# बीएमडी स्कूल ने ऐसा शिविर लगाया ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जगाया

## सहजपुर में 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा 20 मार्च से 26 मार्च तक एक विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन हितकारिणी स्कूल सहजपुर में आयोजित गया। इस शिविर में कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान एवं गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया जिसका प्रारंभ योग एवं पीटी के पश्चात किया गया। शिविर के दौरान कैडेट द्वारा आसपास की बस्ती में संपर्क कर स्वच्छता से रहने एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने की सलाह दी गई। साथ ही साथ एक स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता के ऊपर निनाद और नारे लगाए गए, जिससे ग्रामीण परिवेश में रहने वाले आम नागरिक जागरुक हुए। स्वच्छता अभियान के तहत आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक की बोतल और पॉलिथीन को इकट्ठा कर वेस्ट मटेरियल से उपयोग करने वाली वस्तुएं जैसे पेन स्टैंड, फ्लावर पॉट आदि बनाया गया, पुराने कपड़ों से थैले बनाए गए।

### 50 कैडेट ने लिया हिस्सा

साथ ही साथ आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए स्लोगन की पेंटिंग बनाई गई और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की समझाइश दी गई। शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन भी किया गया। साथ ही साथ यूनिसेफ के माध्यम से चलाए जा रहे क्लैप प्रोजेक्ट के अंतर्गत हैंड वॉश एक्टिविटी कराई गई। इस शिविर में 50 कैडेट ने भाग लिया। कैंप के दौरान सभी कैडेट्स ग्रामीण परिवेश से परिचित हुए और ग्रामीण परिवेश में होने वाली समस्याओं से अवगत हुए।

### समापन के दिन बांटे प्रसाद

इस शिविर के समापन दिवस पर सहजपुर में आसपास के नागरिकों को कैडेट्स के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस शिविर के समापन दिवस कार्यक्रम में हितकारिणी सहजपुर के प्राचार्य देवाशीष द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य श्रीमती माधुरी शुक्ला, एनएसएस अधिकारी श्रीमती शुभांगी तिवारी, अध्यापिका श्रीमती प्रियंका चौरसिया की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हितकारिणी सहजपुर के स्टाफ का पूर्णतः सहयोग रहा।

# संभाग स्तर पर अव्वल रही हितकारिणी की छात्रा अर्शिया

## आठवीं कक्षा में हासिल किये 95.8 प्रतिशत अंक

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा आठवीं के परीक्षा परिणाम में हितकारिणी बीटी तिराहा गढ़ा की छात्रा अर्शिया खान ने जबलपुर जिले की मेरिट सूची में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शाला का गौरव बढ़ाया। अर्शिया प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है। पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी हमेशा अब्बल रहती हैं ,इस सत्र में संपन्न हुए हितकारिणी महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे बुक टॉक शो, खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने मेडल एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं । प्राचार्या स्नेह लता श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्शिया बहुत ही होनहार एवं मेधावी छात्रा है, पढ़ाई एवं परीक्षा के दौरान उसने मोबाइल फोन से दूरी बनाकर यह सफलता अर्जित की है एवं उसने आगे का लक्ष्य भी निर्धारित कर रखा है। वह आईएएस अथवा पीएससी परीक्षा पास कर एक सक्षम अधिकारी बनना चाहती हैं। अर्शिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपनी शिक्षिकाओं को दिया है एवं भविष्य में इससे भी बेहतर परिणाम लाने के लिए तैयारी करेगी हितकारिणी सभा द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं का इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा है जो क्रमशः 96.15 प्रतिशत एवं 90.55 प्रतिशत रहा । पांचवी के परीक्षा परिणाम में एससीए जोंसगंज, दीक्षित पुरा,गोविंदगंज ,गोरखपुर एवं डुमना ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है इसी प्रकार कक्षा आठवीं में एच सीए जॉन्सगंज गोरखपुर एवं डुमना का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है । कक्षा पांचवी में दीक्षितपुरा की फातिमा ने 87 प्रतिशत ,सविता 86 प्रतिशत ,नित्य गुप्ता 83प्रतिशत ,अंक प्राप्त किए,जोन्स गंज की महनूर 83.5प्रतिशत ,गोरखपुर से छात्र पार्थ ने 80प्रतिशत, प्राथमिक शाला बीटी से अदिति दीक्षित 81 प्रतिशत, गोविंदगंज से यथार्थ 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रहे । इसी प्रकार कक्षा आठवीं हितकारिणी के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अर्शिया खान 95.8 प्रतिशत, अब्दुल वाजिद 92.6 प्रतिशत, आर्यन सोनी 88.3 प्रतिशत, नैंसी यादव 88प्रतिश, निवेद कोस्टा 87.8 प्रतिशत रहे। हितकारिणी सभा एवं विद्या परिषद के माननीय पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सभी प्राचार्यों ,शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी है । साथ ही साथ आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार परीक्षा परिणाम बनाए रखने की आशा व्यक्त की है।



# स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगम हुआ सख्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वच्छ सर्वेक्षण में जबलपुर को फिर से उच्च स्थान दिलवाने नगर निगम कमर कसकर तैयारियों में जुट गया है। इसलिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छता अभियान की व्यापक समीक्षा बैठक की। सर्वेक्षण में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त करने 'सिटी प्रोफाइल' में निर्धारित मापदंडों को ही आधार बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया । इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए तैयार की गई 'सिटी प्रोफाइल' के प्रत्येक बिंदु पर डेटा अपडेट और जमीनी सुधार सुनिश्चित करने । दस्तावेजीकरण और प्रत्यक्ष सफाई, दोनों में सामंजस्य होना अनिवार्य बताया गया । कचरा प्रबंधन में सुधार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण



वाहनों की निगरानी और गीले-सूखे कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण पर विशेष बल दिया । शहरवासियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने और उनसे सकारात्मक फीडबैक प्राप्त करने के लिए वार्ड स्तर पर गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए गए। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर कारवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

### 12 वर्षीय पीड़िता को अगवा कर किया था बलात्कार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने 18 दिन बाद पीड़िता को बरामद किया, जिसके बाद आरोपी की पहचान हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़िता 8 मार्च को अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पनागर थाने में



शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की और गुरुवार देर रात को देवरी से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ और पीड़िता के बयानों में खुलासा हुआ कि आरोपी पूरण श्रीवास्तव ने उसे बहला-फुसलाकर अगवा किया था। आरोपी पूरण श्रीवास्तव पीड़िता को अपने साथ ले गया था और उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पूरण श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# नर्सिंग के विद्यार्थियों ने जानी ईसीजी की क्लीनिकल महत्ता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च द्वारा गुरुवार को बी.एससी. नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत 'ईसीजी इंटरप्रिटेशन: नॉर्मल से अरीथमिया तक' विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईसीजी पैटर्न को समझने तथा उसकी क्लीनिकल महत्ता के प्रति मजबूत आधार विकसित करना था। इस कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति जीवंत हेल्थ केयर सेंटर जबलपुर के निदेशक डॉ. अनिमेश गुप्ता ने नॉर्मल साइनस रिदम से लेकर विभिन्न प्रकार की अरीथमिया तक ईसीजी की विस्तृत एवं रोचक व्याख्या प्रस्तुत की। उनकी शिक्षण शैली सरल एवं प्रभावी थी, जिससे जटिल विषय भी विद्यार्थियों के लिए सहज हो गए। यह सत्र क्लीनिकल प्रैक्टिस के लिए अत्यंत आवश्यक ज्ञान प्रदान करने वाला रहा। व्याख्यान के उपरांत, डॉ. अनिमेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नर्सिंग पेशे में ईसीजी इंटरप्रिटेशन के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि समय पर और सही ईसीजी रीडिंग तथा लीड्स की उचित प्लेसमेंट मरीज की देखभाल और आपातकालीन प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों ने पूरे सत्र के दौरान पूर्ण ध्यान के साथ सहभागिता की और गहरी रुचि दिखाई। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसे प्रो. डॉ. अनूप तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. अलीम खान ने किया। सत्र का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे प्रो. अराधना धन्यवाद द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने अतिथि वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने मरीजों को वितरित किए फल-मिष्ठान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा भगवान महावीर जयंती के पावन प्रसंग पर आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस सेठ गोविंद दास चिकित्सालय ( विक्टोरिया) में मरीजों को फल, मिष्ठान एवं उनके परिजनों को सुदामा थाली वितरित की गई। इस अवसर पर नगर ग्रुप के अध्यक्ष प्रफुल्ल रीता, सचिव सुरेंद्र प्रीति, कोषाध्यक्ष कमल सुनीता, मनोज, सुनील, डॉक्टर कंचन लता, अजीत नायक, प्रदीप बेंटिया, नितिन, पंकज प्रतिभा, राविज, सनद, विवेक, डॉक्टर अनूप, सुबोध कामरेड आदि उपस्थित थे।

### एल-1 और एल-2 अधिकारियों का प्रशिक्षण

*जबलपुर ( स्वतंत्रमत )। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 मार्च 2026 को जिले के विभिन्न विभागों के एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों का सेवोत्तम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से आरसीव्हीपी नरोन्हा, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में स्थापित सेवोत्तम सेल के अंतर्गत आयोजित किया गया।*

# हेमू कलाणी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** हेमू कालाणी के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर रीतेश नोतनानी ने बताया कि हेमू कालाणी भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, जिन्होंने कम उम्र में ही देश की आज़ादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जन्म 23 मार्च 1923 को सिंध प्रदेश में हुआ था। वह खेल भारतीय छात्र संघ स्वराज सेना के नेता थे। वह 20 वर्ष की आयु पूर्ण होने के 2 दिन पूर्व शहीद होने वाले युवा स्वतंत्रता संग्रामी थे। उनके 103वें जन्मदिवस के अवसर पर दयानंद सरस्वती वार्ड के सेंट नॉरबर्ट स्कूल तिराहे स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जेठानंद खत्री, संतोष खत्री, बी डी बजाज,दादा सत्यदेव कटारिया,कन्हैयालाल बजाज,राजकुमार कन्धारी,नेहचालदास मुलानी, गुरमुखदास अम्बवानी, जय पंजवानी आदि अन्य उपस्थित रहे।

# मेडिकल यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणाम में छात्रों के साथ बड़ी गड़बड़ी

### कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक कोर्ट में तलब, सैकड़ों नर्सिंग छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के परीक्षा परिणामों में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एम.एससी. नर्सिंग (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा में मेधावी छात्रों को शून्य या असाधारण रूप से कम अंक दिए जाने के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय जबलपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

### क्या है मामला

यह याचिका एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के एक छात्र के द्वारा अधिवक्ता रितिक शर्मा के माध्यम से दायर की गई एवं पक्ष रखा गया है। रिट याचिका का आधार यह है कि सही उत्तर पर भी छात्रों को जीरो अंक दिए गए हैं। याचिकाकर्ता की उत्तरपुस्तिका में परीक्षक द्वारा उत्तरों को सही मार्क किया गया है, लेकिन उसके बावजूद डिजिटल सिस्टम में उन्हें 0 अंक प्रदान किए गए हैं।

### आरटीआई में फर्जीवाड़ा

यूनिवर्सिटी ने पहले याचिकाकर्ता को किसी अन्य छात्र की उत्तरपुस्तिका भेज दी, जिसमें भारी गलतियां



होने के बावजूद उसे भी याचिकाकर्ता के समान ही अंक दिए गए थे। छात्रा ने प्रैक्टिकल परीक्षा में 200 में से 174 अंक प्राप्त किए, जबकि थ्योरी में उसे मात्र 20 अंक देकर फेल कर दिया गया।

### कोर्ट ने मूल्यांकन एजेंसी को भी घेरा

यूनिवर्सिटी ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उनकी डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली फुल प्रूफ है और इसमें मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है। हालांकि उत्तरपुस्तिका एवं दस्तावेजों को देखने के बाद न्यायालय ने मूल्यांकन के लिए अनुबंधित निजी एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी अगली सुनवाई पर तलब किया है ताकि वह अंकों के निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट कर सके।

### अगली सुनवाई 8 अप्रैल को

माननीय उच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को नियत की है। इस आदेश के बाद नर्सिंग छात्रों के बीच न्याय की एक नई उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर गहरा संशय भी व्याप्त है और यह आशंका जताई जा रही है कि डिजिटल मूल्यांकन के नाम पर कई अन्य छात्रों के साथ भी इसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है।

### रामनवमी पर गौरीघाट में होगा आविर्भाव समारोह का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित 'आविर्भाव समारोह' का आयोजन 27 मार्च को सायं 6.30 बजे से माँ नर्मदा के पवित्र तट गौरीघाट पर किया जाएगा। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का अनुपम संगम होगी। समारोह का शुभारंभ नरसिंहपुर के बुंदेली गायक सुमित दुबे एवं साथी कलाकारों के लोक गायन से होगा।












हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**